हरिभूमि
# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि
रोहतक, शनिवार, 14 जून, 2025

9 कोरोना के दौरान अनाथ हुए बच्चों को डीसी होते...



10 मेघोत बिंजा में एक पेड़ मां के नाम अभियान का आगाज



CBSE बोर्ड, हरियाणा बोर्ड व अन्य किसी भी बोर्ड से फेल विद्यार्थी इसी वर्ष फेल विषयों की परीक्षा देकर साल बचाएं।
10th & 12th (NIOS) ओपन से पास करें।
D.R. GROUP OF INSTITUTIONS
महेन्द्रगढ़ नजदीक सतनाली चौक, नारनौल रोड़, महेन्द्रगढ़ Call us: 8059001617, 8059171616
कोसली बिजली बोर्ड के सामने, कोसली Call us: 9050676072
सभी कोर्स सरकारी यूनिवर्सिटी व बोर्ड से पास करें।
B.A., B.Com., B.Sc., M.A.,M.Sc. M.Com., Yoga Teacher, NTT, B.Ed., JBT, LLB, D. Pharmacy
- YOGA TEACHER TRAINING PROGRAMME
- CERTIFICATE IN AGRICULTURE AND ANIMAL HUSBANDRY
- CERTIFICATE IN COMPUTER APPLICATION
- CERTIFICATE IN EARLY CHILDHOOD CARE AND EDUCATION (NTT)
- CERTIFICATE IN BEAUTY CULTURE & HAIR CARE
- AYRVEDA AND YOGA
- DIPLOMA IN RADIOGRAPHY
- ELECTRICAL TECHNICIAN
- CERTIFICATE IN WELDING
- CERTIFICATE IN PANCHKARMA ASS.

## खबर संक्षेप



कनीना। मलेरिया अन्मूलन को लेकर नागरिकों को जानकारी देते चिकित्सक।

### शिविर में आमजन को किया जागरूक

**कनीना।** उप नागरिक अस्पताल में मलेरिया उन्मूलन को लेकर जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों ने आमजन को मलेरिया से बचाव की जानकारी दी। उन्होंने आमजन से कहा कि मलेरिया एक जानलेवा बीमारी है। स्वास्थ्य निरीक्षक ने कहा कि तेज बुखार होना, तेज सिरदर्द होना, उल्टी होना, मांसपेशियों व जोडों में दर्द होना, आखों में जलन होने पर नजदीकी अस्पताल में जाएं तथा रक्त की जांच करवाएं।

### छात्रों की आवाज दबाना लोकतंत्र पर हमला

**मंडी अटेली।** बहुजन समाज पार्टी महेंद्रगढ़ जिला के अध्यक्ष प्रमोद कटारिया ने हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार के परिसर में छात्रों पर हुए बर्बर लाठीचार्ज और सुरक्षा गार्डों द्वारा की गई मारपीट की घटना की तीव्र निंदा करते हुए इस घटना को लोकतंत्र पर सीधा हमला बताया है। विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा छात्रवृत्ति की नीति में किए गए अन्यायपूर्ण बदलाव के खिलाफ शांतिपूर्वक प्रदर्शन कर रहे विद्यार्थियों पर जिस तरह से हमला किया गया, वह न अमानवीय है बल्कि शिक्षा के मंदिरों को दमन का अड्डा बनाने जैसा है।



नारनौल। सीनियर सिटीजन से उनका हालचाल जानतीं सीजेएम नीलम कुमारी।

### सीजेएम सेवा सीनियर सिटीजन होम पुहंचीं

**नारनौल।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी नीलम कुमारी ने सेवा सीनियर सिटीजन होम नसीबपुर का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी नीलम कुमारी ने सबसे पहले वहां पर उपस्थित सीनियर सिटीजन से उनका हालचाल जाना व सुविधाओं के बारे में पूछा।

### गुवानी में जहरीला पदार्थ खाने से अधेड़ की मौत

**नारनौल।** गुवानी में एक अधेड़ व्यक्ति ने अज्ञात कारणों से जहरीला पदार्थ निगल लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। गांव गुवानी निवासी करीब 55 वर्षीय सुरेंद्र सिंह ने गुरुवार प्रातः अपनी पत्नी के सामने ही कोई जहरीला पदार्थ खा लिया। बेटे ने पुलिस को सूचना दी तथा नागरिक अस्पताल ले जाया गया, जहां से पीजीआई रोहतक के लिए रेफर कर दिया। मगर रास्ते में दम तोड़ दिया।

### योग दिवस पर डॉ भंवर को बनाया संयोजक

**महेंद्रगढ़।** 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम के लिए डॉ. भंवर सिंह को संयोजक बनाया गया है। इंटरनेशनल नेचुरोपैथी आर्गेनाइजेशन, सूर्या फाउंडेशन और आयुष मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा हरियाणा राज्य में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस और योग संगम कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु उन्हें यह जिम्मेदारी दी गई है।

# सीईटी आवेदन तिथि 2 दिन बढ़ी, सरल पोर्टल व एचएसएससी सर्वर डाउन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नांगल चौधरी

एचएसएससी ने पिछड़ा वर्ग का प्रमाण पत्र एक अप्रैल के बाद बना हुआ अनिवार्य कर दिया। दूसरी तरफ चार जून से सरल पोर्टल चार जून से फाइल अपलोड नहीं कर रहा। सीईटी का सर्वर भी पांच जून से ठप पड़ा है, ऐसे में युवाओं को आवेदन करना मुश्किल हो गया है। पांच दिनों से सीएससी पर रातभर आवेदकों की कतार लगी रहती है, लेकिन साइट ठप होने के कारण आवेदन सब्मिट नहीं हो रहा है। शिकायत मिलने पर एचएसएससी ने सीईटी आवेदन की अंतिम तारीख को दो दिन बढ़ा दिया है, लेकिन खराब पार्टलों की रिपेयर नहीं की गई। जिससे परेशा युवाओं ने कटेगरी बदलकर आवेदन करना आरंभ कर दिया है। आपको बता दें कि एचएसएससी ने 2022 में सीईटी का पेपर कराया था। लंबा इंतजार करने के बाद सरकार ने 28 मई से सीईटी के आवेदन मांगे हैं। शैक्षणिक मापदंड निर्धारित करके युवाओं का आरक्षण सुविधा देने का निर्णय लिया गया है, लेकिन आरक्षित वर्ग को एक अप्रेल के बाद बनाया गया प्रमाण पत्र पोर्टल पर अपलोड करना होगा। अन्यथा आवेदन को निरस्त करने की हिदायत है। जिससे चिंतित युवाओं ने पिछड़ा वर्ग के प्रमाण पत्र तैयार कराना आरंभ कर दिया। वर्कलोड बढ़ते ही सरल केंद्रों का पोर्टल ठप हो गया तथा चार जून से दस्तावेज रिलीज नहीं कर रहा है। दूसरी तरफ सीईटी का सर्वर भी पांच जून से ओवरलोड है, जो रुक रुककर फाइल अपलोड कर रहा है। पिछड़ा वग का प्रमाण पत्र नहीं बनने तथा 12 जून की रात 12 बजे पोर्टल बंद होने की सूचना पर युवाओं में भगदड़ मच गई। वीरवार रात शहर के सभी साइबर कैफे तथा सीएससी पर आवेदकों की लंबी कतार लग गई, लेकिन साइट बंद होने से आवेदन करना संभव नहीं हुआ। 9:30 बजे एचएसएससी ने अंतिम तारीख 14 जून कर दी। पत्र में हिदायत दी गई कि इसके बाद समय नहीं बढ़ेगा। युवा 12:30 तक कैफे पर डटे रहे, लेकिन साइट नहीं चली। निराश होकर घर लौट गए, लेकिन सुबह 8:30 बजे फिर सीएससी पर पहुंच गए, लेकिन साइट बंद होने की सूचना से उनके चेहरे पर मायूसी दिखाई दी।

### परेशान युवाओं की सीएससी पर जुटी भीड़ व कटेगरी बदलकर आवेदन करना किया आरंभ, विभाग की कार्यशैली पर आक्रोश




नांगल चौधरी। शहर जीनियस सीएससी पर रात को 12 :30 बजे पोर्टल चालू होने का इंतजार करते युवा। फोटो : हरिभूमि

#### बेरोजगार युवाओं के साथ सरकार का भद्दा मजाक

नांगल चौधरी की विधायक मंजू चौधरी ने बताया कि सरकार की मंशा युवाओं को रोजगार देने की नहीं, आवेदनों के नाम पर भद्दा मजाक किया जा रहा है। एचएसएससी और सरल पोर्टलों का सर्वर डाउन हैए जिसकी रिपोर्ट सरकार तक पहुंचा दी। बावजूद विभाग ने ना तो पोर्टलों की रिपेयर कराई है और ना ही अंतिम तरीख बढ़ी है। दो दिन की राहत भी नहीं के बराबर मिली है, क्योंकि प्रमाण पत्र तैयार हुए बिना आवेदन करना संभव ही नहीं। उन्होंने कहा कि सरकार ने अंतिम तारीख को 20 दिन नहीं बढ़ाया तो आंदोलन की रूपरेखा बनाई जाएगी।

#### पिछड़ा वर्ग के प्रमाण पत्र नहीं बने

अशोक कुमार, मोहित कुमार, अंजली, प्रियंका, आशीष कुमार, नरेंद्र सिंह ने बताया कि सरल पोर्टल पर पिछड़ा वर्ग का प्रमाण पत्र रिलीज नहीं हो रहा है, दूसरी तरफ आयोग ने अब और तारीख नहीं बढ़ाने का अल्टीमेटम दिया है। ऐसे में उन्हें कटेगरी बदलकर आवेदन करना पड़ेगा। उन्होंने बताया कि एक सीएससी पर 24 घंटे में 8:10 अव आवेदन ही सब्मिट हो पाते हैं, जिससे हजारों युवाओं के भविष्य पर बर्बादी की तलवार लटकी हुई है।

### कटौती और वोल्टेज से आमजन बेहाल, घरों के बिजली उपकरण हो रहे खराब

# टूटा रिकॉर्ड : शुक्रवार को 53.60 लाख यूनिट बिजली की खपत

1. एकतरफ जहां भीषण गर्मी में बिजली कटों एवं कम वोल्टेज ने जीना मुहाल कर रखा है, वहीं मच्छरों एवं उमस से लोगों का जीना दुश्वार
2. भीषण गर्मी में बिजली कटौती एवं कम वोल्टेज ने लोगों का जीना किया मुहाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

इन दिनों क्षेत्र में भीषण गर्मी के कारण बिजली की कटौती और कम वोल्टेज की समस्या ने लोगों का जीना मुहाल कर दिया है। दिन-रात पल-पल हो रही बिजली कटौती के साथ लो-वोल्टेज और फाल्ट की समस्या ने लोगों का बुरा हाल कर दिया है। इससे घरों के बिजली उपकरण खराब हो रहे हैं और एसी, कूलर एवं पंखे ठीक से नहीं चल रहे हैं।

इन दिनों गर्मियों में तापमान बढ़ने के साथ ही एयर कंडीशनर, कूलर, पंखे आदि का उपयोग बढ़ जाता है, जिससे बिजली की मांग भी तेजी से बढ़ती जा रही है। अधिक तापमान के कारण ट्रांसफार्मर में तकनीकी खराबी आना आम बात है तथा कई जगहों पर लौड बढ़ने से लाइनें भी टूट जाती हैं। बिजली निगम को कई बार ट्रांसफार्मर और बिजली के तारों की मरम्मत के लिए बिजली का शटडाउन करना पड़ता है। इसी से बिजली कटों की समस्या उभरी हुई है, जिससे लोगों का जीना मुश्किल हो रहा है।

**मच्छरों एवं उमस से परेशानी :** एकतरफ जहां भीषण गर्मी में बिजली कटों एवं कम वोल्टेज ने जीना मुहाल कर रखा है, वहीं इस समस्या के बीच ही मच्छरों एवं भारी उमस से लोगों का जीना दुश्वार हो रहा है। दमघोटू उमस में लोगों के पसीने छूट रहे हैं। सुबह से ही सूर्यदेव प्रचंड किरणों के साथ उग्र रूप में प्रकट होने से सवेरे से ही गर्मी शुरू हो जाती है।

#### रसोई में काम करने वालों का बुरा हाल

एक तो भीषण गर्मी और यदि ऊपर से रसोई में जाकर आग पर रोटियां पकानी पड़े तो सोचकर ही पसीने छूटना आमबात है, लेकिन घरेलू महिलाएं रसोई में जाकर खाना बनाने की बड़ी हिम्मत दिखा रही हैं और पूरे परिवार का खाना तैयार कर उनका भरपेट भोजन उपलब्ध करवा रही हैं। ऐसे में महिलाओं के प्रति विशेष सम्मान की आवश्यकता है।



नारनौल। पॉवर हाउस। फोटो : हरिभूमि

#### उच्च क्षमता वाले ट्रांसफार्मर लगाने की मांग

नारनौल क्षेत्र के लोगों ने विद्युत विभाग से उच्च क्षमता वाले बिजली ट्रांसफार्मर लगाने की मांग की है, ताकि कम वोल्टेज की समस्या का समाधान हो सके। लोगों ने बताया कि घरों में लगी पानी की मोटरें नहीं चलने से बिजली के साथ पानी की भी समस्या हो रही है। इतना ही नहीं, बिजली की समस्या होने से बिजली आधारित व्यवसाय भी ठप हो रहे हैं। बिजली से चलने वाली मशीनें नहीं चल पा रही हैं और व्यवसायियों को इसका आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है।

#### बिजली खपत प्रतिदिन

| | | |
|---|---|---|
| 12 जून को | : | 53.60 लाख यूनिट |
| 11 जून को | : | 52.49 लाख यूनिट |
| 10 जून को | : | 51.10 लाख यूनिट |
| 9 जून को | : | 45.29 लाख यूनिट |
| 8 जून को | : | 43.75 लाख यूनिट |
| 7 जून को | : | 35.85 लाख यूनिट |
| 6 जून को | : | 29.09 लाख यूनिट |

**रोजाना बढ़ रही बिजली की डिमांड :** भीषण गर्मी में लोगों को बरसात की सख्त जरूरत है, लेकिन इलाके में एक सप्ताह से भीषण गर्मी पड़ रही है। इस गर्मी के कारण ही रोजाना बिजली की खपत बढ़ती जा रही है। एक सप्ताह पहले 6 जून को जहां 29.09 लाख यूनिट बिजली खर्च हुई थी, वहीं 12 जून को यह बढ़कर 53.60 लाख यूनिट पर पहुंच गई। ऐसे में मानसून शुरू होने या प्री मानसून की बरसात होने तक लोगों को भीषण गर्मी में झुलसना होगा।

# हरियाणा केंद्रीय विवि ने आईआईआरएफ रैंकिंग फ्रेमवर्क में हासिल की 15वीं रैंक

- उपलब्धि से शिक्षकों की निष्ठा व विद्यार्थियों में उत्साह : कुलपति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़



महेंद्रगढ़। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय। फोटो : हरिभूमि

गांव जाट पाली स्थित हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय ने एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए भारतीय संस्थागत रैंकिंग फ्रेमवर्क (आईआईआरएफ) 2025 में देश की 50 केंद्रीय विश्वविद्यालयों में 15वां स्थान प्राप्त किया है। यह सफलता विश्वविद्यालय की अकादमिक उत्कृष्टता, गुणवत्तापूर्ण शोध एवं समग्र विकास के प्रति प्रतिबद्धता का प्रमाण है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार ने कहा कि यह उपलब्धि हमारे शिक्षकों की निष्ठा, विद्यार्थियों के उत्साह और सभी हितधारकों के सहयोग का प्रतिफल है। हकेंवि समावेशी और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के साथ नवाचार और सामाजिक उत्तरदायित्व को बढ़ावा देने के अपने लक्ष्य के प्रति प्रतिबद्ध है। विश्वविद्यालय समकुलपति प्रो. पवन कुमार शर्मा ने कहा कि राष्ट्रीय रैंकिंग में हमारी प्रगति रणनीतिक शैक्षणिक योजना, शोध उन्नयन और उद्योग से जुड़ाव का परिणाम है। हम अपने शैक्षणिक पारिस्थितिकी तंत्र को और सुदृढ़ करने तथा देश के शैक्षणिक परिदृश्य में सार्थक योगदान देने के लिए सतत प्रयासरत हैं।

विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार ने कहा कि यह रैंकिंग हम सभी के लिए गर्व का विषय है। हम पारदर्शी और दक्ष प्रशासनिक वातावरण बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं, जो शैक्षणिक उत्कृष्टता और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को प्रोत्साहित करे।

विश्वविद्यालय आंतरिक गुणवत्ता एवं आश्वासन प्रकोष्ठ (आईक्यूएसी) के निदेशक प्रो. सुरेन्द्र सिंह ने कहा कि आईआईआरएफ 2025 में 15वीं रैंक हकेंवि की बढ़ती शैक्षणिक विश्वसनीयता तथा गुणवत्ता मानकों और प्रमाण-आधारित प्रथाओं के माध्यम से निरंतर सुधार के प्रति हमारे फोकस का प्रतिबिंब है। विश्वविद्यालय ने अपने शिक्षकों, शोधार्थियों, विद्यार्थियों एवं प्रशासनिक कर्मचारियों के अथक प्रयासों को सराहा है।

### नहर में दोस्तों संग नहाने गए युवक की मौत, आईटीआई का छात्र था

**नारनौल।** गांव लहरोदा की नहर में डूबने से एक युवक की मौत हो गई। युवक गर्मी ज्यादा होने के कारण अपने तीन अन्य दोस्तों के साथ नहर में नहाने के लिए गया था। जहां पर उसे तैरना नहीं आने के कारण वह डूब गया। शहर के साथ लगते गांव ढाणी किरारोद निवासी करीब 20 वर्षीय देवेंद्र उर्फ छोटू अपने तीन अन्य दोस्तों के साथ कार में सवार होकर लहरोदा गांव के पास बनी बड़ी नहर में नहाने के लिए गया। उसके साथ गांव के ही तीन अन्य दोस्त थे। जब वे सभी नहर में नहा रहे थे, तब उसने भी छलांग लगा दी, लेकिन युवक को तैरना नहीं आता था। इसलिए वह छलांग लगाते ही डूब गया तथा नहर के बहाव के कारण आगे बहने लगा। इस पर उसके दोस्तों ने उसको बचाने का प्रयास किया, मगर वे उसको नहीं बचा पाए। उन्होंने इसकी सूचना तुरंत पुलिस व आसपास के अन्य लोगों को दी। जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने नहर से शव की खोज की। मृतक युवक नारनौल की आईटीआई में पढ़ता था तथा वह जॉब की तैयारी करने के लिए कोचिंग लेने भी आता था। शुक्रवार दोपहर नहर में जाकर नहाने का प्लान किया, लेकिन मौत ने उसे अपने आगोश में ले लिया।

### पुलिसकर्मी को धक्का मारकर ट्रैक्टर से नीचे गिराने के मामले दो गिरफ्तार

**नारनौल।** पुलिस कर्मचारी को धक्का मारकर ट्रैक्टर से नीचे गिराने व ट्रैक्टर छीनकर ले जाने के मामले में कार्रवाई करते हुए थाना निजामपुर पुलिस ने दो आरोपित हंसराज वासी ढाणी खटाना तन टीबा जिला झुंझुनूं राजस्थान व सुनील वासी ढाणी खटाना तन टीबा जिला झुंझुनूं राजस्थान को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने अवैध खनन कर बजरी से भरे ट्रैक्टर ट्रॉली को भी जब्त कर लिया है।थाना निजामपुर पुलिस अवैध खनन के खिलाफ कार्रवाई करने हेतु गांव दनचौली क्षेत्र में मौजूद थी। एक ड्राइवर अपने ट्रैक्टर ट्रॉली में अवैध माइनिंग की हुई बजरी डालकर दनचौली से कोरियावास रोड पर जा रहा था। जिसे रोकने का इशारा किया तो उसने ट्रैक्टर नहीं रोका। जिसको रूकवाकर नाम पता पूछा तो उसने अपना नाम हंसराज वासी खटाना का बांस जिला झुंझनु राजस्थान बताया। ट्रैक्टर चालक के पास ट्रैक्टर व बजरी बारे कोई कागजात नहीं थे। पुलिस कर्मचारी ट्रैक्टर ट्रॉली को बजरी सहित थाना निजामपुर में लाने के लिए ट्रैक्टर चलाकर वहां से कोरियावास की तरफ चला था कि अचानक दो मोटरसाइकिल पर पांच लोग बैठकर आए और मोटरसाइकिल को ट्रैक्टर के आगे लगाकर ट्रैक्टर पर चढ़ गए तथा उसके साथ हाथापाई करके ट्रैक्टर से नीचे की तरफ धक्का दे दिया।

### पेयजल को व्यर्थ न बहाएं उपभोक्ता

**नारनौल।** जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग व जल एवं स्वच्छता सहायक संगठन की ओर से जिला महेन्द्रगढ़ में चलाए जा रहे जन जागरूकता अभियान के तहत शुक्रवार को चार टीमों ने जिले के कुल 83 पेयजल कनेक्शनों का निरीक्षण किया। इस दौरान चार अवैध कनेक्शन पाए गएए जो सरेआम पेयजल की बर्बादी कर रहे थे और पेयजल से खेती की सिंचाई कर रहे थे। ये सभी चारों कनेक्शन सिहमा खंड के गांव जाट गुवाना में पाए गए। जानकारी देते हुए जिला सलाहकार मंगतुराम सरसवा ने बताया कि जिले में पेयजल की बर्बादी करने वाले कई अवैध कनेक्शन हैं, जो खुलेआम लगातार चालू रहते हैं। इनके विरुद्ध विभाग के साथ साथ ग्राम पंचायत, सरपंच और ग्राम जल एवं सीवरेज समिति के सदस्यों को भी जागरूक होना आवश्यक है, तभी पेयजल की बर्बादी को रोका जा सकता है। जो लोग पेयजल से खेतों की सिंचाई करते हैं, उनके अवैध कनेक्शन बिना किसी नोटिस के काटना आवश्यक है, ताकि गर्मी के मौसम में प्रत्येक उपभोक्ता को पेयजल उपलब्ध हो सके। इस संबंध में विभाग की ओर से तुरंत संज्ञान लेते हुए जाट गुवाना गांव में जेई एनपी रंगा व बीआरसी धर्मेंद्र की अगुवाई में एक टीम गठित की गई। टीम ने गांव के विभिन्न हिस्सों में पेयजल पाइप लाइन का निरीक्षण किया, जिसके दौरान चार अवैध कनेक्शन काटे गए। इसके अतिरिक्त टीमों ने सतनाली, बसई और हसनपुर गांवों में भी घर घर जाकर पेयजल कनेक्शन जांचे। इस मौके पर बीआरसी पूजा रानी, बीआरसी अनीता, बीआरसी विक्रम सिंह, बीआरसी धर्मेंद्र सहित विभाग की फिटर टीम उपस्थित रही।



नारनौल। पेयजल की बर्बादी करने वाले कनेक्शन काटती विभागीय टीम।

**सख्ती** मानसून मौसम की तैयारी : स्कूल भवनों को लेकर आवश्यक निर्देश जारी

आने वाले बारिश और मानसून के सीजन को देखते हुए उठाए कदम

# स्कूलों के भवनों की जांच करने व बरसात में होने वाली लीकेज व टपकाव की समस्या की रिपोर्ट होगी तैयार

> स्कूल भवन में लगा स्टोर्म वाटर ड्रेनेज सिस्टम सुचारू रूप से काम कर रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

आने वाले बारिश और मानसून के सीजन को देखते हुए हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद ने प्रदेश के सभी परियोजना अधिकारियों को स्कूलों के भवनों की जांच करने तथा बरसात में होने वाली लीकेज और टपकाव की समस्या का निरीक्षण करने के निर्देश दिए हैं। इस संदर्भ में जारी पत्र क्रमांक सिविल/ एस एस/1021 दिनांक 12 जून 2025 के अनुसार हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद के कार्यकारी अभियंता ने सभी जिलों के परियोजना अधिकारी को पत्र भेज कर लिखा है।

इसमें उन्होंने कहा है कि बरसात के मौसम में शीघ्र शुरू होने वाला है। स्कूलों में लीकेज, पीपेज और जल भराव जैसी समस्या ना हो, स्कूल भवन को कोई नुकसान न हो और कोई अप्रिय घटना ना हो, इसलिए सभी स्कूलों का निरीक्षण किया जाए। पत्र के अनुसार कार्यकारी अभियंता ने निर्देश दिए हैं कि अधिकारी स्कूल जाकर कुछ बिंदुओं को जांच करें। इसके लिए यह सुनिश्चित किया जाए कि बरसाती पानी के पाइप साफ़ रहे और कहीं से जाम न हों।

छतों पर टाइल ट्रेसिग, खुरा साफ सुथरा हो और उसे किसी मरम्मत की जरूरत हो तो की जाए। छतों की सुरक्षा का निरीक्षण किया जाए एवं मरम्मत की जाए। छतों को साफ़ किया जाए। उन पर कोई घास, फूस, पेड़, पौधे, जडें, पत्ते आदि हों तो उन्हें बिल्कुल साफ़ किए जाएं।

यह सुनिश्चित किया जाए कि स्कूल भवन में लगा स्टोर्म वाटर ड्रेनेज सिस्टम सुचारू रूप से काम कर रहा है। यदि उक्त सिस्टम नहीं है तो प्राकृतिक जल निकासी के लिए आसपास की भूमि का स्तर प्लिंथ स्तर से कम होना चाहिए। दरवाजे और खिड़कियों के कैंटिलीवर प्रक्षेपण की जांच और सफाई की जानी चाहिए। इसके अलावा यह भी निर्देश दिए गए हैं कि समस्त इंजीनियरिंग स्टाफ, स्कूल का पर्यवेक्षक स्टाफ और जिम्मेदार हर समय दूरभाष पर उपलब्ध रहे, ताकि किसी आपातकालीन परिस्थिति में तुरंत संपर्क किया जा सके।


HARYANA SCHOOL SHIKSHA PARIYOJNA PARISHAD

Ref. No: Civil/SS/ Dated:- 12.06.2025

To
All District Project Coordinator,
Samagra Shiksha, Haryana

Sub:-Inspection/ Repair of School Buildings Prior to Rainy Season.

Rainy season is fast approaching. ...

The above shall be brought to the notice of all school Principals for timely action, please.

नारनौल। हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद की ओर से जारी पत्र। फोटो : हरिभूमि



समुद्र मे गहरा गोता लगाने के लिए मगरमच्छ कभी-कभी भारी पत्थर भी निगल लेता है।



उल्लू अपनी गर्दन घुमाकर पीछे की ओर भी देख सकता है। इसकी नजर मनुष्य से सौ गुना तेज होती है।

# छात्र बिना निवेश के पढ़ाई के साथ-साथ कमा सकते हैं पैसा



नॉलेज

यंगभूमि डेस्क

आज के समय में हर कोई यही चाहता है कि उसके पास एक्ट्रा इनकम हो। स्टूडेंट लाइफ में बिना निवेश के भी पैसे कमाए जा सकते हैं। बहुत सारे स्टूडेंट ऐसे होते हैं जो अपने पेरेंटस के ऊपर निर्भर नहीं रहना चाहते हैं। वह सोचते हैं कि 12वीं की पढ़ाई के बाद अपने खर्च खुद उठाएं। इसके लिए वह ऑनलाइन पैसे कमाने के तरीके ढूंढते हैं। अगर आप भी उन स्टूडेंट में से एक है तो आज हम आपके लिए कुछ ऐसे ही ऑनलाइन बिजनेस तरीके लेकर आए हैं जिसके जरिए आप घर बैठे ही पैसे कमा सकते हैं। वह भी बिना निवेश किये। ऐसे कई तरीके है जिससे आसानी से पैसा कमाया जा सकता है।

## ट्यूशन क्लासेज

आज के समय में बहुत सारे स्टूडेंट ऐसे होते हैं जो ऑनलाइन ट्यूशन भी लेते हैं। ऐसे में अगर आप घर बैठे चाहे तो ट्यूशन क्लासेस शुरू कर सकते हैं या फिर ऑफलाइन भी ट्यूशन क्लासेस शुरू कर सकते हैं। उसमें आपको केवल दो से तीन घंटे इन्वेस्ट करने होंगे और आप बच्चों को ट्यूशन पढ़ा सकते हैं। अगर आप छोटे बच्चों को ट्यूशन पढ़ाते हैं तो आपको अच्छे पैसे भी मिल जाते हैं। ट्यूशन शुरू करने के बहुत सारे फायदे भी होते हैं जैसे कि आपकी खुद की पढ़ाई भी होती रहती है। अगर आप बच्चों को पढ़ाते हैं तो आपको भी कुछ नया सीखने को मिल जाता है और आपके ज्ञान में बढ़ोतरी होती है।



### शेयर मार्केट में निवेश

अगर आप टेक्निकल एनालिसिस और फंडामेंटल एनालिसिस कोर्स की तैयारी कर रहे हैं तो यह आपको शेयर मार्केट में इन्वेस्ट करने में काफी अच्छी मदद कर सकता है। वैसे तो स्टूडेंट के पास लिमिटेड पॉकेट मनी होती है इसमें आप कुछ पैसे इन्वेस्ट कर सकते हैं। अगर आप शुरू शुरू में अच्छी तरह से इन्वेस्ट करना सीख जाते हैं और आपको प्रॉफिट होने लगता है तो आप बड़े शेयर भी खरीद सकते हैं और बड़ा मुनाफा पा सकते हैं।

## ऑनलाइन ट्यूटर

अगर आपके पास खुद की काबिलियत है जैसे की फोटो एडिटिंग, वीडियो एडिटिंग, सिंगिंग, फोटोग्राफी किसी भी चीज का शौक रखते हैं और उसमें काफी अच्छी कला है तो लोगों को सिखा सकते हैं। तो उसे ऑनलाइन ट्यूटर के द्वारा अन्य लोगों को भी सिखाया जा सकता है। इससे आप ऑनलाइन पैसे कमा सकते हैं।

### फ्रीलांसिंग

जब अपनी स्किल से कोई काम करते हैं तो उसे फ्रीलांसिंग कहा जाता है इसके बदले आपको पैसे भी मिलते हैं। फ्रीलांसिंग का मतलब यही होता है कि अपनी स्किल को बेचना और पैसे कमाना। अगर आपके पास कोई भी अच्छी स्किल या काबिलियत है तो आप उसे फ्रीलांसिंग करके बहुत सारे पैसे कमा सकते हैं। इसका मतलब होता है फोटो एडिटिंग, वीडियो एडिटिंग, घोस्ट राइटिंग, डाटा एंट्री, कंटेंट राइटिंग, लोगो मेकर इत्यादि काम करके आप पैसे कमा सकते हैं।

### टेलीग्राम एप से कमाए पैसे

आज के समय में बहुत सारी एप ऐसी है जिनके जरिए आप ऑनलाइन पैसे कमा सकते हैं। टेलीग्राम एप एक शेयरिंग एप है। जहां पर हजारों लोगों का ग्रुप बना सकते हैं और उसे ग्रुप में आप टैक्स वीडियो मूवी लिंक ऑडियो डॉक्यूमेंट कुछ भी शेयर कर सकते हैं। इस शेयर करने के जरिए आप बहुत सारे पैसे कमा सकते हैं। अगर आप टेलीग्राम पर हजारों लोगों को एक बार ग्रुप में ऐड कर लेते हैं और उन्हें कुछ ना कुछ शेयर करते हैं तो इसके जरिए पैसे कमाए जा सकते हैं।

## इन तरीकों से कमाए जा सकते हैं पैसे

### एफिलिएट मार्केटिंग

ऑनलाइन पैसे कमाने के लिए एफिलिएट मार्केटिंग बहुत ही बड़ा प्लेटफार्म है। एफिलिएट मार्केटिंग में आपको केवल किसी कंपनी या प्रोडक्ट या सेवा को आगे प्रमोट करना होता है या सेल करके कमीशन पाना होता है। इसके लिए मार्केटिंग बिल्कुल फ्री में शुरू की जा सकती है और बहुत ही जल्द पैसे कमाए जा सकते हैं। एफिलिएट मार्केटिंग के लिए आपके पास लोगों का ग्रुप होना चाहिए जिन्हें आप प्रोडक्ट शेयर कर सकते हैं। इसके लिए सोशल मीडिया का भी उपयोग किया जा सकता है। इसी के साथ आप एप ब्लॉग या ऑनलाइन विज्ञापन के द्वारा भी अपने प्रोडक्ट को सेल कर सकते हैं।

### ब्लॉगिंग करके पैसे कमाए

आज के समय में बहुत सारे स्टूडेंट ऐसे हैं जो ब्लॉगिंग करके पैसे कमा रहे हैं। ब्लॉगिंग का मतलब होता है ब्लॉग लिखना। ब्लॉग मतलब आर्टिकल जिन्हें आप ऑनलाइन अपलोड कर सकते हैं। ब्लॉग को आप वेबसाइट भी समझ सकते हैं। जहां से हम सभी प्रकार की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। अगर आप भी ब्लॉग लिखना शुरू करना चाहते हैं तो इसके लिए सोशल मीडिया पर आजकल बहुत सारे ग्रुप मिल जाते हैं आप वहां से क्लाइंट ढूंढ सकते हैं और ब्लॉगिंग शुरू कर सकते हैं या अधिक जानकारी आप यूट्यूब से भी ले सकते हैं।

### यूट्यूब से पैसे कमाए

आज के समय में ऑनलाइन पैसे कमाने के लिए यूट्यूब सबसे बड़ा प्लेटफार्म है। अगर आप भी सोच रहे हैं कि आप स्टूडेंट और पैसे कैसे कमाए तो यह आपके लिए बेस्ट ऑप्शन है। इसमें आप यूट्यूब चैनल शुरू करके अपनी स्किल और जानकारी के आधार पर वीडियो अपलोड कर सकते हैं। यूट्यूब से बहुत सारे पैसे कमाए जा सकते हैं लेकिन इसके लिए आपको 1000 सब्सक्राइबर 4000 घंटे का वॉच टाइम भी चाहिए होता है।

### रेफर एंड अर्न

आप रेफर एंड अर्न प्रोग्राम के जरिए अच्छे खासे पैसे कमा सकते हैं। आजकल बहुत सारी एप भी ऐसी आती है जिनके जरिए आप अपने दोस्तों को रेफर करके पैसे कमा सकते हैं।

### अमेजॉन

स्टूडेंट के लिए अमेजॉन प्लेटफार्म एक बेस्ट ऑप्शन है। यहां पर आप बहुत सारे तरीके से पैसे कमा सकते हैं जैसे कि अमेजॉन ऐप को रेफर करके बहुत सारे कैशबैक कमाए जा सकते हैं।

---

भारत और दुनिया में पर्यटन और आतिथ्य क्षेत्र में लगातार हो रही बढ़ोतरी

# होटल मैनेजमेंट में बनाएं करियर, अच्छी सैलरी और बेहतर लाइफ की गारंटी

जॉब ट्रेंड्स

करियर डेस्क

## कंपनियों में प्लेसमेंट का अच्छा मौका

हमारे देश का पर्यटन और आतिथ्य क्षेत्र लगातार बढ़ रहा है और इसके साथ ही होटल उद्योग के विकास में मांग भी बढ़ रही है। भारत एक लोकप्रिय ट्रेवल डेस्टिनेशन है और इस तरह होटल प्रबंधन का दायरा पहले की तुलना में छात्रों के लिए अधिक स्पष्ट और अधिक फायदेमंद हो गया है। जब स्कूल की पढ़ाई पूरी करने के बाद साधारण स्नातक (गेजुएशन) करने की बात आती है तो होटल मैनेजमेंट छात्रों की शीर्ष प्राथमिकताओं में से एक है। जैसे-जैसे होटल उद्योग लगातार बढ़ रहा है, वैसे-वैसे होटल प्रबंधन पेशेवरों की भी आवश्यकता बढ़ रही है। भारत में हर साल पर्यटन बढ़ने के साथ, पेशेवरों की मांग बढ़ना तय है, जिससे इस कोर्स को करने वाले छात्रों को प्रसिद्ध कंपनियों में प्लेसमेंट का एक बड़ा मौका मिलेगा।



### क्या है होटल मैनेजमेंट

हॉस्पिटैलिटी इंडस्ट्री में जाने का इच्छुक व्यक्ति होटल मैनेजमेंट को स्नातक डिग्री के रूप में चुन सकता है। इस फील्ड में ग्लैमर और लग्जरी के कारण, हर साल अधिक से अधिक छात्र इस नौकरी की ओर आकर्षित होते हैं।

### क्या है होटल प्रबंधन पाठ्यक्रम

होटल प्रबंधन पाठ्यक्रम आपको होटल या हॉस्पिटैलिटी सर्विस के विभिन्न पहलुओं जैसे सेल्स एंड मार्केटिंग, फूड एंड बेवरेज, फ्रंट ऑफिस, अकाउंटिंग, फूड प्रोडक्शन, हाउसकीपिंग और कई किचन स्किल को कवर करने में मदद करेगा। भारत में कई सरकारी और निजी कॉलेज होटल मैनेजमेंट में डिग्री और डिप्लोमा कोर्स कराते हैं, जो बहुत सारे छात्रों के लिए एक आकर्षक और रोमांचक पाठ्यक्रम बन गया है।

### टॉप यूनिवर्सिटीज

- इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट, कैटरिंग एंड न्यूट्रिशंस, पूसा
- आईएचएम मुंबई
- वेलकमग्रुप ग्रेजुएट स्कूल ऑफ होटल एडमिनिस्ट्रेशन, मणिपाल
- आईएचएम हैदराबाद
- एआईएचएमसीटी, बेंगलुरु
- बनारसीदास चांदीवाला इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट एंड कैटरिंग टेक्नोलॉजी, दिल्ली
- दिल्ली इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट एंड कैटरिंग टेक्नोलॉजी, नई दिल्ली

### करियर की संभावनाएं

*हॉस्पिटैलिटी इंडस्ट्री में संचालन, फूड एंड बेवरेज, फ्रंट ऑफिस, अकाउंटिंग, सिक्युरिटी आदि जैसे कई विभाग हैं, इसलिए आप अपना पसंदीदा विभाग चुन सकते हैं और विभिन्न नौकरियों के लिए आवेदन कर सकते हैं। होटल मैनेजमेंट में संभावनाएं -*

- होटल्स एंड टूरिज्म एसोसिएशन
- क्लब / रेस्टोरेंट मैनेजमेंट
- क्रूज शिप होटल मैनेजमेंट
- एयरलाइन कैटरिंग एंड केबिन सर्विस
- होटल्स में किचन मैनेजमेंट
- होटल, रिजॉर्ट्स में फ्रंट ऑफिस मैनेजमेंट
- इंडियन नेवी में हॉस्पिटैलिटी सर्विस

### शैक्षणिक योग्यता

होटल मैनेजमेंट के डिग्री या डिप्लोमा कोर्स को चुनने के लिए आवश्यक न्यूनतम योग्यता किसी भी मान्यता प्राप्त स्कूल या संस्थान से कक्षा 10+2 उत्तीर्ण है। होटल प्रबंधन के किसी भी विशिष्ट क्षेत्र में विशेषज्ञता के लिए आप 12 वीं कक्षा पास करने के बाद सर्टिफिकेट कोर्स कर सकते हैं। स्नातकोत्तर का चयन करने के लिए, आपको किसी भी मान्यता प्राप्त होटल प्रबंधन विश्वविद्यालय से स्नातक होना जरूरी है। होटल प्रबंधन पाठ्यक्रमों के लिए आवेदन करने वाले व्यक्ति में विवादों और आलोचनाओं को धैर्य से संभालने की क्षमता होनी जरूरी है। उम्मीदवार को अतिथि के प्रति हर स्थिति में विनम्र और सहयोगी होना जरूरी है।

### ऐसे करें आवेदन

आप होटल प्रबंधन कॉलेज के लिए किसी खास कॉलेज के आवेदन पत्र को भरकर या उसके लिए राष्ट्रीय / राज्य स्तर की प्रवेश परीक्षा देकर आवेदन कर सकते हैं। कई विश्वविद्यालय होटल प्रबंधन पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए अपनी स्वयं की प्रवेश परीक्षा आयोजित करते हैं।

#### प्रवेश परीक्षाएं

- नेशनल लेवल एंट्रेंस-
- एनसीएचएम जेईई
- एआईएमए यूजीएटी

**सैलरी :** स्नातक स्तर की पढ़ाई के बाद नौकरी का विकल्प चुनने वाले किसी भी व्यक्ति के लिए ट्रेनिंग के दौरान प्रारंभिक वेतन 10,000- 13,000 रुपए के बीच होता है। इसके बाद आपके प्रदर्शन के अनुसार वेतन में वृद्धि होना तय है।

#### स्टेट लेवल एंट्रेंस

- यूपीएसईई बीएचएमसीटी (उत्तर प्रदेश)
- एमएएच सीईटी एचएम (महाराष्ट्र)
- डब्ल्यूबीजेईई एचएम (पश्चिम बंगाल)
- यूनिवर्सिटी लेवल एंट्रेंस
- पीयूटीएचएटी (पंजाब विश्वविद्यालय)
- सीयूईटी (क्राइस्ट यूनिवर्सिटी)
- आईपीयू सीईटी (गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय)

## होटल मैनेजमेंट में शेफ की नौकरी एक शानदार विकल्प



10+2 करने के बाद हर स्टूडेंट एक ऐसा कोर्स प्रोफेशनल कोर्स करना चाहता है, जो उसे अच्छी सैलरी वाली नौकरी जल्द से जल्द दिला दे। होटल व रेस्टोरेंट में शेफ की नौकरी एक अच्छा विकल्प हो सकती है। आजकल हमें कही भी जाना हो तो हम रहने के लिए सबसे पहले होटल ढूढते है होटलो के बढते कारोबर ने इसमें रोजगार के कई अवसर खोल दिये है। यदि आप नई नई रेसिपी बनाने में दिलचस्पी रखते हैं। तो आपके लिये शेफ बनना फायदेमंद सौदा हो सकता है। पिछले कुछ सालों से लगातार होटलों और रेस्टोरेंट की सख्या बढ़ी है। बड़े शहरों के बाद अब छोटे शहरों में भी रेस्टोरेंट खुले हैं जिससे इस इंडस्ट्री में हुनरमंद प्रोफेशनल्स की मांग भी बढ़ी है। किसी भी बड़े होटल में एक शेफ का रूतवा किसी बड़े अधिकारी से कम नही होता है. उसके अंडर में एक पूरी टीम काम करती है जो खाना बनाने के अलग-अलग डिपार्टमेंट संभालती है अगर आप भी उन लोगों में से है जो किचन में मजबूरी नही शौक से जाते है तो आपका इस फील्ड में स्वागत है। कोई भी व्यक्ति होटल में शेफ बन कर अच्छी सैलरी वाली नौकरी आसानी से हासिल कर सकता है।

### होटल में शेफ कैसे बने

यदि आप होटल इंडस्ट्री में शेफ बनना चाहते हैं, तो आपको शेफ कैसे बने की पूरी जानकारी होनी बहुत जरूरी हैं शेफ बनने के लिये आपको होस्पिटेलिटी मैनेजमेंट कोर्स करना जरूरी होता है। शेफ बनना भी होटल मैनेजमेंट का ही एक हिस्सा है। इस फिल्ड में आने के लिए होटल मैनेजमेंट का कोर्स होता है जो 12वीं के बाद किया जा सकता हैं। इस फिल्ड में कई कोर्स उपलब्ध है जैसे डिग्री, डिप्लोमा और सर्टिफिकेट कोर्स. इनमें से कोई भी कोर्स आप अपने एजुकेशन के हिसाब से चुन सकते है। होटल मैनेजमेंट के कोर्स के दौरान स्टूडेंटस कई सारी चीजें करना सीखते हैं। शेफ, फ्रंट ऑफिस मैनेजमेंट, बार टेंडर हाउसकीपिंग आदि चीजें भी इस कोर्स के अंतर्गत सिखाई जाती हैं।

### जरूरी योग्यताएं

शेफ बनने के लिये इच्छुक लोगों का क्रियेटिव होना बहुत जरूरी है। विदेशी कुजिन्स की जानकारी होना बहुत जरूरी है। कम से कम सामग्री से ज्यादा से ज्यादा रेसिपी बनाने में महारत हासिल हो। खाना बनाना और भोजन परोसने की कला को अच्छी तरह समझने वाला व्यक्ति ही शेफ बन सकता है। शेफ कोर्स करने के लिये आपका शारीरिक रूप से फिट होना बेहद जरूरी है। क्योंकि एक शेफ को अपना अधिकतर काम खड़े होकर ही करना पड़ता है। शेफ को यह पता होना चाहिए कि पाचन प्रणाली किस प्रकार काम करती है। पाचन प्रणाली पर भोजन में इस्तेमाल होने वाले केमिकल्स की जानकारी होना जरूरी है। विदेशी भोजन के बारे में अच्छी जानकारी होना बहुत जरूरी है।

---

# दिल की सुनो: अपने पसंदीदा विषय को चुनें और उसी में बनाएं करियर



मोटिवेशनल

डॉ. दिव्या तंवर

जीवन में करियर का चुनाव एक ऐसा निर्णय है जो न केवल आपके भविष्य को आकार देता है, बल्कि आपकी खुशी और संतुष्टि को भी प्रभावित करता है। अक्सर देखा जाता है कि छात्र समाज, परिवार या दोस्तों के दबाव में आकर ऐसे करियर विकल्प चुन लेते हैं जो उनके दिल के करीब नहीं होते। लेकिन सच्चाई यह है कि सबसे अच्छा करियर वही है जो आपको सुकून दे, जो आपके जुनून को जगाए और जिसमें काम करना आपको बोझ न लगे। इस लेख में, हम बात करेंगे कि क्यों आपको अपने पसंदीदा विषय को चुनना चाहिए और कुछ रोमांचक करियर विकल्पों के बारे में भी जानेंगे। हर इंसान में कुछ खास होता है, और हर छात्र का एक ऐसा विषय या क्षेत्र होता है जिसमें वह स्वाभाविक रूप से रुचि रखता है। हो सकता है आपको गणित के सूत्र हल करना पसंद हो, या फिर साहित्य की गहराइयों में डूबना आपको सुकून देता हो।

## जो काम पसंद हो, वह बोझ नहीं लगता

हो सकता है आप प्रकृति के रहस्यों को समझने के लिए उत्सुक हों या फिर कला और रचनात्मकता में खो जाना चाहते हों। यह आपका जुनून है, और यही वह चिंगारी है जो आपको एक सफल और खुशहाल करियर की ओर ले जा सकती है। जब आप वह चुनते हैं जो आपको सचमुच पसंद है, तो काम करना एक बोझ नहीं, बल्कि आनंद का स्रोत बन जाता है। आप अपने क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त करते हैं, क्योंकि आप उसमें पूरी मेहनत और लगन से काम करते हैं। इसके विपरीत, अगर आप समाज या माता-पिता के दबाव में आकर डॉक्टर, इंजीनियर या कोई अन्य पारंपरिक करियर चुन लेते हैं, जिसमें आपकी रुचि नहीं है, तो आप लंबे समय तक खुश नहीं रह पाएंगे। भारतीय समाज में अक्सर कुछ करियर विकल्पों को ही "सुरक्षित" और "प्रतिष्ठित" माना जाता है। माता-पिता का यह डर स्वाभाविक है कि उनके बच्चे को एक स्थिर और सम्मानजनक भविष्य मिले। लेकिन यह समझना महत्वपूर्ण है कि आज के दौर में अवसरों की कमी नहीं है। तकनीक, कला, पर्यावरण, खेल, और कई अन्य क्षेत्रों में करियर की संभावनाएं पहले से कहीं ज्यादा हैं। अपने माता-पिता से खुलकर बात करें। उन्हें बताएं कि आपका जुनून क्या है और उसमें करियर बनाकर आप कैसे सफल हो सकते हैं। उदाहरण देकर उन्हें समझाएं कि आज के समय में हर क्षेत्र में अवसर हैं।

**विज्ञान :** अगर आपको जीव विज्ञान पसंद है, तो आप डॉक्टर, बायोटेक्नोलॉजिस्ट, पर्यावरण वैज्ञानिक, या वन्यजीव विशेषज्ञ बन सकते हैं। भौतिकी या रसायन विज्ञान में रुचि है? आप रिसर्च साइंटिस्ट, डेटा साइंटिस्ट, या स्पेस साइंटिस्ट के रूप में करियर बना सकते हैं। तकनीक में रुचि है? आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, रोबोटिक्स, या साइबर सिक्योरिटी जैसे क्षेत्र आपके लिए हैं।

**गणित :** गणित के शौकीनों के लिए डेटा एनालिस्ट, एक्ट्यूएरी (बीमा गणितज्ञ), क्रिप्टोग्राफर, या फाइनेंशियल एनालिस्ट जैसे करियर बेहतरीन विकल्प हैं। आप गणित शिक्षक बनकर अगली पीढ़ी को प्रेरित भी कर सकते हैं।

**साहित्य और भाषा:** अगर आपको कहानियां लिखना या पढ़ना पसंद है, तो आप लेखक, पत्रकार, कंटेंट क्रिएटर, या अनुवादक बन सकते हैं। साहित्य में रुचि आपको स्क्रिप्ट राइटर, कॉपीराइटर, या साहित्यिक समीक्षक जैसे रचनात्मक करियर की ओर ले जा सकती है।

### कला और रचनात्मकता

कला, संगीत, या डांस में रुचि है? आप ग्राफिक डिजाइनर, एनिमेटर, म्यूजिक कंपोजर, या कोरियोग्राफर बन सकते हैं। फैशन डिजाइन, इंटीरियर डिजाइन, या फोटोग्राफी जैसे क्षेत्र भी रचनात्मक दिमाग वालों के लिए बेहतरीन हैं।

**खेल और फिटनेस :** अगर खेल आपका जुनून है, तो आप प्रोफेशनल एथलीट, स्पोर्ट्स कोच, फिटनेस ट्रेनर, या स्पोर्ट्स जर्नलिस्ट बन सकते हैं। ई-स्पोर्ट्स और गेमिंग भी आज के समय में एक उभरता हुआ करियर विकल्प है।

**सामाजिक विज्ञान :** इतिहास, भूगोल, या समाजशास्त्र में रुचि है? आप पुरातत्वविद, भूगोलवेत्ता, या सामाजिक कार्यकर्ता बन सकते हैं। मनोविज्ञान में रुचि है? आप काउंसलर, क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट, या एचआर प्रोफेशनल के रूप में काम कर सकते हैं।

**तकनीक और नवाचार :** कोडिंग और तकनीक में रुचि है? सॉफ्टवेयर डेवलपर, गेम डेवलपर, या एथिकल हैकर बनने का सोचें। स्टार्टअप शुरू करके अपने आइडिया को हकीकत में बदल सकते हैं।

**खुशी ही असली सफलता है :** याद रखें, करियर का मतलब केवल पैसा कमाना नहीं है। असली सफलता तब मिलती है जब आप सुबह उठकर अपने काम के लिए उत्साहित हों। जब आप अपने पसंदीदा क्षेत्र में काम करते हैं, तो मेहनत करना आसान हो जाता है, और सफलता अपने आप आपके कदम चूमती है।

## सामान्य ज्ञान

**1.** जीवन बीमा निगम की कौन सी पालिसी विशेषतः बच्चों के हितार्थ नही है।
(ए) जीवन किशोर
(बी) जीवन सुकन्या
(सी) जीवना छाया
(डी) जीवन सुरक्षा

**2.** बीमा वियामक एवं विकास प्राधिकरण का मुख्यालया कहाँ है।
(ए) नई दिल्ली में
(बी) हैदराबाद
(सी) अहमदाबाद
(डी) चेन्नई

**3.** आर.एन.मल्होत्रा समिति ने किस क्षेत्र से सम्बन्धित सुधारों के लिए रिपोर्ट प्रस्तुत की थी।
(ए) बीमार उद्योग
(बी) कर सुधार
(सी) बीमा क्षेत्र
(डी) बैंकिंग क्षेत्र

**4.** भारतीय स्टॉक बाजार का विनियमन और पर्यवेक्षण किसके द्वारा किया जाता है।
(ए) आरबीआई
(बी) यूटीआई
(सी) आईसीआईसीआई बैंक
(डी) सेबी

**5.** भारतीय प्रतिभूति एवं विनियम बोर्ड की स्थापना कब की गई थी।
(ए) 1988में
(बी) 1992 में
(सी) 1993में
(डी) 2002 में

**6.** भारतीय प्रतिभूति एवं विनियम बोर्ड को किस एक अध्यादेश द्वारा वैधानिक दर्जा प्रदान किया गया।
(ए) 1988ई0
(बी) 1990ई0
(सी) 1992ई0
(डी) 1993ई0

**7.** सेबी के कार्यों में सम्मिलित है
(ए) स्टॉक एक्सचेंज के कार्यों की विनियमित करना।
(बी) शेयर बाजार से सम्बन्धित अनुचित एवं धोखाधड़ी से परिपूर्ण व्यापारिक कार्यों पर रोक लगाना
(सी) प्रतिभूतियों के अन्तरंग व्यापार को नियंत्रित करना
(डी) उपर्युक्त में से सभी

उत्तर 1.(डी) 2.(बी) 3.(सी) 4.(डी) 5.(ए) 6.(सी) 7.(डी)

## खबर संक्षेप

### पुस्तक प्रदर्शनी और काव्य गोष्ठी कल

**नारनौल।** प्रगतिशील शिक्षक ट्रस्ट के तत्वावधान में रविवार को काव्य गोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ. संजय शर्मा व साहित्यिक इकाई के प्रभारी ओशिन शुक्ला ने बताया कि गोष्ठी का आयोजन प्रातः 9:30 बजे ट्रस्ट के सन प्लाजा बिल्डिंग स्थित कार्यालय में किया जाएगा। समारोह में मुख्य अतिथि नगर परिषद की पूर्व चेयरपर्सन भारती सैनी होगी।



**महेंद्रगढ़।** गोशाला में सवामणी लगाते परिवार के सदस्य।

### गोशाला धोलपोश आश्रम में सवामणी आयोजित

**महेंद्रगढ़।** श्री गोशाला धोलपोश आश्रम के प्रांगण में शुक्रवार को सवामणी आयोजित की गई। गांव पायगा निवासी होशियार सिंह ने अपनी पत्नी की पुण्यतिथि पर अपने परिवार के साथ सवामणी का आयोजन कर गायों को चाट खिलाई। गोशाला धोलपोश के प्रधान रविन्द्र तिवाड़ी ने कहा कि गो सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं है। हमारे हिंदू शास्त्रों के अनुसार गो-सेवा सबसे बड़ा धर्म है, जो व्यक्ति सच्चे मन से गो-सेवा करता है। सच्चे मन से की गई गो-सेवा कभी व्यर्थ नहीं जाती, जहां गोमाता सुख चैन की सांस लेती है। वहां साक्षात रूप में देवता वास करते है।



**महेंद्रगढ़।** गांव बेरी में पौधरोपण करते ग्रामीण व अन्य। फोटो : हरिभूमि

### पर्यावरण संरक्षण के प्रति किया जागरूक

**महेंद्रगढ़।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निदेर्शानुसार गांव बेरी में पर्यावरण संरक्षण पर कानूनी साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में अधिवक्ता विक्रम सिंह ने गांव के लोगों को पर्यावरण संरक्षण व पर्यावरण प्रदूषण के विधिक प्रावधानों के बारे में पूर्ण जानकारी दी। इस दौरान उन्होंने प्लास्टिक से होने वाले दुष्प्रभाव के बारे में बताते हुए कहा कि सिंगल यूज प्लास्टिक से पर्यावरण को नुकसान पहुंचता है। प्लास्टिक के विघटन की प्रक्रिया में काफी समय लगता है, जिससे यह मिट्टी और पानी को दूषित करता है।

### उपायुक्त ने समाधान शिविरों की समीक्षा

**नारनौल।** उपायुक्त डॉ. विवेक भारती ने शुक्रवार को लघु सचिवालय में हरियाणा सरकार के निर्देशानुसार लगाए जा रहे समाधान शिविरों की प्रगति की समीक्षा के लिए एक महत्वपूर्ण बैठक की। इस दौरान उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि वे नागरिकों की ओर से रखी गई प्रत्येक समस्या को पहले अच्छी तरह से समझें और उसके बाद उसका हर संभव निदान सुनिश्चित करें। डॉ. भारती ने बताया कि नागरिकों की समस्याओं का त्वरित और प्रभावी समाधान सुनिश्चित करने के लिए सरकार की यह एक अत्यंत सराहनीय पहल है।

### अग्रवाल सभा भवन प्रांगण में 36 बिरादरी के लोगों की बैठक

# स्वर्गाश्रम के सुधार को कमेटी बनी, 25 सदस्य किए शामिल

■ बैठक में स्वर्गाश्रम में चल रही अव्यवस्थाओं पर चर्चा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

शहर के प्राचीनतम श्मशान घाट रेवाड़ी रोड स्थित स्वर्गाश्रम के सुधार हेतु शहर के सर्वसमाज के गणमान्य लोगों की ओर से स्वर्गाश्रम के सुंदर व व्यवस्थित संचालन हेतु एक कमेटी गठित की। वीरवार सायं शहर की 36 बिरादरी के गणमान्य लोगों की बैठक का आयोजन अग्रवाल सभा भवन प्रांगण में किया गया।

जिसकी अध्यक्षता वरिष्ठ अधिवक्ता प्रेमचंद गुप्ता, सत्यनारायण गुप्ता व वासुदेव यादव ने की। इसमें क्षेत्र के अनेक प्रबुद्धजनों ने हिस्सा लेकर स्वर्गाश्रम में चल रही अव्यवस्थाओं के बारे में चर्चा की तथा इसके सुधार के बारे में भी एडवोकेट प्रेमचंद गुप्ता, बद्रीप्रसाद गर्ग, उमाकांत छक्कड़, सब्जी मंडी प्रधान अजीत सैनी, एडवोकेट केशव संघी, अजीत जैन, गजेंद्र बोहरा, नगर परिषद के उपप्रधान संजीव यादव, गोशाला सचिव वासुदेव यादव व आरएसओ राजेश यादव आदि ने अपने विचार रखे। स्वर्गाश्रम में अपने स्वजनों के



**नारनौल।** बैठक करते सर्वसमाज के लोग। *फोटो : हरिभूमि*

अंतिम संस्कार के दौरान वहां पर आने वाली समस्याओं के बारे में चर्चा करते हुए लोगों ने बताया कि मृत्यु जीवन का अमिट सत्य है। हर व्यक्ति इस दुख के क्षण में अपने स्वजनों के अंतिम संस्कार हेतु स्वर्गाश्रम जाता है। ऐसे विकट समय में सभी की सांत्वना उस परिवार के साथ होती है। ऐसे में श्मशान घाट में साफ सफाई, लकड़ी की व्यवस्था, अस्थियां रखने की सुविधा जैसी सभी समस्याओं के समाधान हेतु बैठक में उपस्थित सर्वसमाज के गणमान्य लोगों ने सर्वसम्मति से एक कमेटी बनाने का अनुमोदन किया।

**कमेटी में यह लोग किए गए शामिल :** जिसमें नगर परिषद व प्रशासन की स्वीकृति से निर्धारित किए गए नियमों के आधार पर स्वर्गाश्रम का संचालन कमेटी की ओर से किया जाएगा। बैठक के दौरान कमेटी की कार्यकारिणी निर्धारित करते हुए सर्वसम्मति से पिछले दस वर्षों से स्वर्गाश्रम में अनेक कार्यों की देखरेख कर रहे संजय गर्ग को प्रधान, उमाकांत छक्कड़ को उपप्रधान, सुरेश यादव घाटासेर को सचिव, राजीव शर्मा को सहसचिव, बद्रीप्रसाद गर्ग को कोषाध्यक्ष, एडवोकेट केशव संघी व हरीश सैनी को कानूनी सलाहकार व संदीप शुक्ला को प्रेस सचिव नियुक्त किया गया।

इसके अलावा 25 सदस्य कार्यकारिणी का भी गठन किया गया। जिसमें सत्यनारायण गुप्ता, बजरंग लाल अग्रवाल, दुलीचंद शर्मा, अजीत जैन, वासुदेव यादव, बलदेव चहल, राजकुमार राता वाले, राजेश यादव, प्रधान रामजीलाल मित्तल, अरुण नूनीवाला, नवीन बंसल, गजेंद्र बोहरा, प्रदीप तायल, विनोद चौधरी, जितेंद्र गोस्वामी, गोपाल मित्तल, जगदीश प्रसाद किंगर, प्रवीण संघी, संजीव यादव, सीताराम सर्राफ, सुभाष गर्ग, कृष्ण कंछल, सुरेश छक्कड़, दिनेश भार्गव को शामिल किया गया। संजय गर्ग ने कहा कि सभी के सहयोग व मार्गदर्शन से स्वर्गाश्रम में समस्याओं का समाधान करने का प्रयास किया जएगा।

**इस बैठक में यह गणमान्य रहे मौजूद**

*इस मौके पर हेमंत गुप्ता, बेगराज गोयल, रविंद्र कुमार गर्ग, शंकरलाल गोयल, सुरेंद्र कुमार चौधरी, पवन कुमार यादव, सुदर्शन बंसल, विजय सिंह यादव रईस, हीरालाल मित्तल, विनय कुमार गोयल एडवोकेट, अनिल गुप्ता एडवोकेट, गोपाल कृष्ण नंबरदार, पूर्व पार्षद भगवान दास, डॉ. अनूप सिंह, सुभाष चंद्र सांगी, विनोद चौधरी, गोपाल मित्तल, अग्रवाल सभा कोषाध्यक्ष प्रवीण बंसल, रमेश चंद सिंघल सहित काफी संख्या में गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।*

# सरकार कर्मचारियों की जायज मांगों की अनदेखी कर रही : रमेश यादव

■ महेंद्रगढ़ पब्लिक हेल्थ विभाग प्रांगण में आमसभा की मीटिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल



**नारनौल।** सदस्यता ग्रहण करने वाले कर्मचारी सदस्यों का फूल-मालाओं से स्वागत करते हुए। फोटो : हरिभूमि

हरियाणा गवर्मेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन रजि. नम्बर 41 संबंधित हरियाणा संयुक्त कर्मचारी संघ (मुख्यालय चरखी दादरी) के जिला प्रधान रमेश चंद्र यादव की अध्यक्षता में महेंद्रगढ़ पब्लिक हेल्थ विभाग प्रांगण में आमसभा की मीटिंग हुई और संगठन की गतिविधियों पर विचार-विमर्श किया गया, जिसमें जिले के मंत्रियों व विधायकों को ज्ञापन सौंपा गया। प्रधान रमेश चंद्र यादव ने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा कर्मचारियों की जायज मांगों की अनदेखी की जा रही है। अगर सरकार बातचीत का समय नहीं देती है तो संगठन भविष्य में बड़ा आन्दोलन करने की तैयारी में है, जिसमें महेन्द्रगढ़ जिला के हजारों हजार कर्मचारी भाग लेंगे। इस मीटिंग में दर्जनों साथियों ने संगठन में आस्था और विश्वास रखते हुए संगठन की सदस्यता ली, जिनका प्रधान की ओर से फूल-मालाओं से स्वागत किया गया। मीटिंग में मुख्य रूप से रमेश चंद्र शर्मा सहित सैकड़ों कर्मचारियों ने भाग लिया।

### हमीदपुर में सरपंच, गुढ़ा व मुंडायन में पंच पद के लिए चुनाव कल

**नारनौल।** राज्य निर्वाचन आयोग हरियाणा के द्वारा पंचायती राज संस्थाओं के उप चुनाव सम्पन्न करवाने के लिए जिलाधीश डॉ. विवेक भारती ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिताए 2023 की धारा 163 के तहत 15 जून को सुबह आठ से सायं छह बजे तक मतदान के दौरान 500 मीटर की परिधी में पांच व्यक्तियों या इससे अधिक व्यक्ति एकत्रित होने पर पाबंदी लगाई है। जिलाधीश ने आदेशों में स्पष्ट किया है कि 15 जून को खंड नारनौल के गांव हमीदपुर में सरपंच तथा खंड कनीना के गांव गुढ़ा व मुंडायन में पंच पद के लिए चुनाव होंगे। मतदान केन्द्रों के आसपास कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए 15 जून को मतदान के दौरान 500 मीटर की परिधी में पांच व्यक्तियों या इससे अधिक एकत्रित होने व (सिख समुदाय द्वारा रखी जाने वाले धार्मिक कृपान को छोड़कर) घातक हथियारों जैसे शस्त्र तलवार, बरछा, कुल्हाड़ी, जेली, चाकू, साइकिल चेन और अन्य वस्तुएं जिन्हें घातक हथियार के तौर पर इस्तेमाल किया जा सकता है पर प्रतिबंध रहेगा। यह आदेश पुलिस विभाग और अन्य सरकारी कर्मचारी, जो ड्यूटी पर हैं उनके ऊपर लागू नहीं होगा।

### मोतीनगर में नल में आ रहा सीवर का पानी

**नारनौल।** शहर के मोती नगर मोहल्ले में नलों से गंदा व बदबूदार पानी आ रहा है। वार्ड में पानी के लिए अन्य साधन नहीं होने की वजह से कॉलोनी के सैकड़ों लोगों को मजबूरी में गंदा पानी पीना पड़ रहा है। हालत इतने बदतर हैं कि पानी में सीवर की दुर्गंध आ रही है और स्वाद भी बदबूदार हो गया है। इसके कारण स्थानीय निवासियों दूषित जल से होने वाली बीमारियों का खतरा भी बढ़ गया है। वार्ड में यह समस्या विगत छह महीनों से बनी हुई है।

इस बारे में अनेक बार मौखिक व लिखित शिकायत भी की जा चुकी है। मोती नगर निवासी अजय शर्मा ने इस संदर्भ में जन स्वास्थ्य विभाग को शिकायत भेजकर इसके निवारण की अपील की है। अजय शर्मा, इंद्रजीत यादव का कहना है कि ये लोग पिछले छह महीनों से टैंकरों से मंगवाया हुआ पानी पी रहे हैं, जो कि काफी महंगा पड़ रहा है।



**नारनौल।** नल में आ रहा गंदा पानी।

# नांगल चौधरी ब्लॉक के 160 प्राथमिक शिक्षकों को दिया एफएलएन प्रशिक्षण

■ कार्यक्रम की अध्यक्षता खंड शिक्षा अधिकारी सुनीता यादव ने की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नांगल चौधरी

पीएम श्री गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में निपुण हरियाणा मिशन के अंतर्गत एफएलएन शिविर लगाया गया। जिसमें नांगल चौधरी ब्लॉक के 160 प्राथमिक शिक्षकों को आधुनिक शैक्षणिक तकनीक का प्रशिक्षण दिया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता खंड शिक्षा अधिकारी सुनीता यादव ने की। जिसमें जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी मुख्य रूप से मौजूद रहे। उन्होंने शिक्षकों को निष्ठा पूर्वक दायित्व निभाने का संदेश दिया।

उन्होंने कहा कि शिक्षा और स्वास्थ्य को लेकर सरकार गंभीर है।



नांगल चौधरी। निपुण हरियाणा प्रशिक्षण शिविर में प्रमाण पत्र ग्रहण करते हुए।

विभागीय स्कूलों में योग्यतावान शिक्षक नियुक्त करने के साथ मूलभूत संसाधनों का प्रबंध किया गया है। निजी स्कूलों की तर्ज पर सभी स्कूलों को स्वच्छ व सुंदर बनाया गया है और कंप्यूटर शिक्षा का विशेष प्रबंध है। अब पढ़ाई व्यवस्था में सकारात्मकता लाने के लिए निपुण भारत अभियान क्रियाविंत किया गया है। प्रथम चरण में प्राथमिक शिक्षकों को आधुनिक तकनीक का प्रशिक्षण देने का निर्णय लिया। पांच दिवसीय शिविर में शिक्षकों को अंग्रेजीए गणित तथा साइंस विषय को सरल भाषा में पढ़ाने के टिप्स दिए हैं। जिससे बच्चा स्कूल से जी नहीं चुराएगा और परीक्षा परिणाम भी शानदार मिलेगा।

### मोड़ी गांव में किसान प्रशिक्षण शिविर आयोजित

**मंडी अटेली।** भूमि की उपजाऊ शक्ति बनाए रखने के लिए ग्वार फसल पर गांव मोड़ी में किसान प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण शिविर में सेवानिवृत प्रधानाचार्य सतीश यादव मुख्य अतिथि थे, जबकि ग्वार विशेषज्ञ व हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय से सेवानिवृत्त कृषि वैज्ञानिक डॉ. बीडी यादव ने किसानों को ग्वार के बारे में विस्तारपूर्वक प्रशिक्षण दिया। शिविर में 52 मौजूद किसानों को बीज उपचार के लिए दो एकड़ की बाविस्टिन दवा, एक मास्क तथा एक जोड़ी दस्ताने हिंदुस्तान गम एण्ड केमिकल्स भिवानी की तरफ से मुफ्त दी गई। इस अवसर पर प्रश्नोत्तरी सभा का आयोजन किया गया, जिसमें चार किसानों को प्रश्न पूछने पर सही जवाब देने पर ईनाम भी दिए गए। डा. बीडी यादव ने कहा कि ग्वार बारानी क्षेत्रों की एक महत्वपूर्ण फसल है। खरीफ फसलों में यह एक मुख्य फसल जानी जाती है। यह सूखे को सहन करने में काफी क्षमता रखती है।

# सिहमा में युवाओं ने गर्मी के मौसम में छबील लगाकर नींबू पानी पिलाया

■ सिहमा में युवाओं ने गर्मी के मौसम में छबील लगाकर नींबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मंडी अटेली



**मंडी अटेली।** सिहमा में छबील लगाकर नींबू पानी पिलाते युवा। फोटो : हरिभूमि

प्राणी मात्र की सेवा ही ईश्वर की सेवा है। भारतीय दर्शन के इस कथन को चरितार्थ करते हुए गांव सिहमा के युवाओं ने बढ़ती गर्मी में नींबू पानी की छबील लगाकर लोगों को पानी पिलाया। सड़क से गुजरने वाले वाहन चालकों ने युवाओं द्वारा लगाई गई नींबू की छबील में पानी पीया। इससे पहले गांव के युवा शरबत का पानी छबील लगाकर पिलाया था। नारनौल-कनीना रोड पर बस स्टैंड सिहमा पर लगाई गई छबील में नींबू का पानी आसपास के लोगों के अलावा वाहन चालकों ने पीया। तपती गर्मी में नींबू का पानी पीकर लोगों ने आत्मा से आशीष दिया। छबील लगा रहे युवाओं का कहना है कि गर्मी के मौसम में प्यासे को ठंडा नींबू का पानी पिलाने से पुण्य मिलता है। ग्रामीण देशराज, अमित कुमार, रोहित व सत्यप्रकाश ने बताया कि पानी पीने से तृप्त आत्मा का आशीर्वाद मिलता है। इस मौके पर शिव शक्ति जन सेवा फाउंडेशन के सदस्यों का विशेष योगदान रहा।



**महेंद्रगढ़।** राहगीरों को पानी पिलाते हुए।



**नारनौल।** छबील लगाते हुए। फोटो : हरिभूमि

### राहगीरों को पिलाया मीठा व ठंडा जल

**महेंद्रगढ़।** अगिहार में प्राचीन शिव मंदिर के नजदीक भीषण गर्मी को देखते हुए शीतल मीठे पानी की छबील लगाई। भगवान परशुराम सेवा संगठन सदस्य महेश, रूस्तम व सचिन शर्मा ने बताया कि इस समय ज्येष्ठ महीना व दिन का अधिकतम तापमान 46 डिग्री से भी ऊपर चल रहा है। इस भीषण गर्मी को देखते हुए भगवान परशुराम सेवा संगठन ने हर वर्ष की तरह राहगीरों के लिए व आगंतुकों के लिए शीतल ठंडाई की छबील लगाई। पुराणों व ग्रंथों में जिक्र है कि ज्येष्ठ माह में प्यासे को शीतल पानी पिलाने से पुण्य मिलता है व आत्मसंतुष्टि होती है। इस अवसर पर मनोज कौशिक, साहिल कौशिक, हरिश कौशिक, वंश कौशिक, पं. दीपक कौशिक, पारस शर्मा, राकेश शर्मा, मनदीप शर्मा आदि ने भी राहगीरों को शीतल जल पिलाया।

### राहगीरों को पिलाया शरबत

**नारनौल।** युवा साथी ग्रुप हरियाणा व उड़ान जनसेवा ट्रस्ट के नेतृत्व में महावीर चौक पर भीषण गर्मी में राहगीरों की प्यास बुझाने के लिए ठंडे पानी की छबील लगाई गई। संस्था के प्रवक्ता टिंकू प्रधान ने बताया कि महावीर चौक पर ढाणी बठोठा निवासी मोनिका यादव पुत्रवधू अजित सिंह यादव की विवाह की वर्षगांठ पर स्लम एरिया टैलेंट के बच्चों के साथ व प्रगतिशील शिक्षक ट्रस्ट नारनौल, किशनलाल शिक्षा एवं जनसेवा समिति व भारती जिम के सहयोग से आने जाने वाले लोगों को ठण्डाई पिलाकर सेवा का उत्कृष्ठ उदाहरण प्रस्तुत किया। वरिष्ठ समाज सेवी नरेश पटीकरा ने कहा कि ज्येष्ठ महीने में जलसेवा भारतीय संस्कृति व धर्म की पहचान है। पवन यादव ने कहा कि जलसेवा बहुत ही पुण्य का कार्य है। डॉ. संजय शर्मा ने कहा कि सेवा के प्रत्येक अवसर पर आपकी उपस्थिति आपकी प्रगति का मार्ग खोलती है। इस मौके पर हनी गुप्ता, रवि, भारती, पियूष सैनी, विशाल, मोहित, प्रियांशु, पुष्पा यादव, लक्की, कुणाल, संदीप, विनोद आदि मौजूद रहे।



**मंडी अटेली।** योग करते अधिकारी। *फोटो : हरिभूमि*

### योग से पहले अहमदाबाद प्लेन क्रैश में मारे गए लोगों के लिए 2 मिनट रखा मौन

**मंडी अटेली।** जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. शशिबाला व जिला योग को-ऑर्डिनेटर डॉ. सतीश कुमार के मार्गदर्शन तीन दिवसीय योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण शिविर की आयोजन राजकीय महिला महाविद्यालय अटेली मंडी के प्रांगण में किया जा रहा है। शुक्रवार को शिविर के दूसरे दिन अटेली खंड शिक्षा अधिकारी डॉ. देवेन्द्र कुमार मुख्य अतिथि शिविर में उपस्थित रहे। इस मौके पर डॉ. देवेन्द्र कुमार एवं आयुष विभाग की चिकित्सा अधिकारी डॉ. अनामिका ने भगवान धन्वंतरि के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर तीन दिवसीय योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ किया। खण्ड शिक्षा अधिकारी डॉ. देवेन्द्र कुमार ने कहा कि यह योग प्रोटोकॉल शिविर जिला उपायुक्त डा. विवेक भारती के दिशा निर्देशन मे लगाया जा रहा है। इस शिविर में आयुष योग सहायक अमित चंद्रपुरा, अनिल कुमार बाछौद, नीता कुमारी, डॉ. राजेश सैनी, प्राचार्य डॉ. प्रवीण यादव, डॉ. चंचल, सहदेव, बबीता कुमारी कुमार व आयुष विभाग के सभी कर्मचारियों सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।



**महेंद्रगढ़।** डॉ. मंजिंद्र गुल्यानी को स्मृति चिह्न भेंट करते विभागीय शिक्षक।

### हकेंवि में संवैधानिक नैतिकता पर चर्चा

**महेंद्रगढ़।** गांव जाट पाली स्थित हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के विधि विभाग द्वारा आयोजित ह्यविमर्शह्न व्याख्यानमाला के अंतर्गत विशेषज्ञ व्याख्यान का आयोजन किया गया। यह श्रृंखला विश्वविद्यालय में विधिक अध्यन और बौद्धिक विमर्श के लिए एक सशक्त मंच के रूप में स्थापित हो चुकी है, जिसका उद्देश्य सैद्धांतिक ज्ञान और समकालीन विधिक चुनौतियों के बीच के अंतर को समाप्त करना है। कार्यक्रम में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की डॉ. मंजिंद्र गुल्याणी ने संवैधानिक नैतिकता एवं भारतीय न्यायशास्त्र विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया। उनका संबोधन विद्यार्थियों के बीच सक्रिय संवाद और प्रश्नोत्तर के रूप में परिलक्षित हुआ, जिससे विमर्श की भावना को सही अर्थों में बल मिला। सत्र की अध्यक्षता हकेंवि में विधि विभाग के विभागाध्यक्ष एवं अधिष्ठाता डॉ. प्रदीप सिंह ने की। उन्होंने कहा कि विमर्श श्रृंखला विश्वविद्यालय के माध्यम से समाजोन्मुखी विधिक पेशेवर तैयार किए जा रहे हैं। डॉ. सिंह ने इसे भारतीय संविधान के 75वें वर्ष में एक उपयुक्त पहल बताते हुए कहा कि यह हमारे संवैधानिक सफर को समर्पित एक सच्चा सम्मान है।

**सहायता** 23 साल आयु होते ही ले सकेंगे 10 लाख की एफडी की राशि

# कोरोना के दौरान अनाथ हुए बच्चों के डीसी ही होते हैं अभिभावक

■ डीसी ने पीएम केयर्स फॉर चिल्ड्रन योजना के लाभार्थी बच्चों से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

उपायुक्त डॉ. विवेक भारती ने शुक्रवार को अपने कार्यालय में पीएम केयर्स फॉर चिल्ड्रन योजना के तहत कवर किए गए दो लाभार्थी बच्चों से मुलाकात की तथा उनका हालचाल जाना। इस योजना के तहत उपायुक्त इन बच्चों के नामित अभिभावक होते हैं। डीसी ने कहा कि इन बच्चों के समग्र कल्याण के बारे में समय समय पर जानकारी ली जाती है। उन्होंने बताया कि यह



**नारनौल।** पीएम केयर्स फॉर चिल्ड्रन योजना के लाभार्थी बच्चों से मुलाकात करते डीसी डॉ. विवेक भारती।

भारत सरकार द्वारा शुरू की गई एक योजना है, जिसका उद्देश्य उन बच्चों को व्यापक सहायता प्रदान करना है। जिन्होंने कोविड 19 महामारी के कारण अपने माता पिता, कानूनी अभिभावक या दत्तक माता पिता दोनों या जीवित बचे हुए को खो दिया है।यह योजना बच्चों की निरंतर देखभाल और सुरक्षा सुनिश्चित करनेए स्वास्थ्य बीमा के माध्यम से उनकी भलाई सुनिश्चित करने, शिक्षा के माध्यम से उन्हें सशक्त बनाने और 23 वर्ष की आयु तक वित्तीय सहायता के साथ उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए डिजाइन की गई है। उपायुक्त ने बताया कि प्रत्येक पात्र बच्चे के लिए पोस्ट ऑफिस खाते में एक निश्चित राशि जमा की जाती है, ताकि 18 वर्ष की आयु पूरी होने पर उनके लिए कुल 10 लाख का कोष बन जाए। 18 वर्ष की आयु प्राप्त करने पर बच्चों को अगले पांच वर्षों के लिए मासिक वजीफा मिलेगा, जो उनके व्यक्तिगत और उच्च शिक्षा की जरूरतों को पूरा करने में मदद करेगा। 23 वर्ष की आयु पर बच्चों को 10 लाख की पूरी राशि एकमुश्त मिलेगी। जिसका उपयोग वे व्यक्तिगत और व्यावसायिक आवश्यकताओं के लिए कर सकते हैं।

**पहले बच्चों को 50-50 हजार की राशि दी जा चुकी**

*उन्होंने बताया कि इससे पहले भी इन बच्चों को 50-50 हजार रुपये की एक मुश्त राशि सरकार की तरफ से दी जा चुकी है। वहीं समाज कल्याण विभाग की ओर से 12वीं कक्षा तक प्रतिवर्ष 20 हजार रुपये की एक मुस्त राशि भी दी गई थी। इस मौके पर अतिरिक्त उपायुक्त सुशील शर्मा, एसडीएम कनीना डॉ. जितेंद्र सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी संगीता यादव तथा डीसीपीओ संदीप सिंह, डीसीपीओ कार्यालय से सुषमा यादव, प्रेमलता के अलावा अन्य अधिकारी भी मौजूद थे।*

**सार्वजनिक सूचना**

मै वेदप्रकाश पुत्र मेहरचंद वासी गांव मुमताजपुरा तहसील पटोदी जिला गुरूग्राम हरियाणा बयान करता हूं कि मेरा पुत्र अमित मेरे कहने सुनने से बाहर है और अपनी मनमर्जी करता रहता है। इसलिए मै उसको अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में उससे लेनदेन करने वाला स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरी व मेरे बाकि परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

**सार्वजनिक सूचना**

मै सुमित यादव पुत्र लाला राम वासी गांव सेका तहसील नारनौल जिला महेंद्रगढ हरियाणा बयान करता हूं कि मैने अपनी पुत्री का नाम उन्नति से बदलकर उन्नति यादव रख लिया है। भविष्य में उसे उन्नति यादव के नाम से जाना पहचाना जाए।

**PUBLIC NOTICE**

I Suresh Kumar S/o Shri Ram Chander R/o Village Mirjapur Tehsil Narnaul Distt. Mahendergarh Haryana delare that my daughter 10th & 12th class certificate my name is mentioned as Suresh & my wife name mentioned as Poonam by mistake. my correct name is Suesh Kumer & my wife correct name is Poonam Devi. necessary correction as per rule.

**सरपंच ग्राम पंचायत, जेरपुर**
**ब्लॉक, खण्ड व जिला महेन्द्रगढ़ (हरि.)**

**नीलामी सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत जेरपुर में कंडम उप स्वास्थ्य केन्द्र व बीसी चौपाल की बिल्डिंगों की तुड़वाय गयी है और उनके मलबे व सरिया आदि की नीलामी दिनांक 18.06.2025 को की जाएगी। नीलामी के नियम व शर्तें मौके पर बता दी जाएंगी।

हस्ता/- लीलावती, सरपंच
ग्राम पंचायत जेरपुर (महेन्द्रगढ़), हरि.
मोबाइल नं. : 8685818862
9812392352

## खबर संक्षेप



### मेघोत बिंजा में एक पेड़ मां के नाम अभियान का आगाज

**नारनौल।** मेरा भारत युवा केंद्र व जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत गांव मेघोत बिंजा के खेल परिसर में रिटायर्ड लेक्चरर लीलाराम पौत्र कनिष्क कैलोरिया के जन्मदिवस के अवसर पर हर वर्ष की भांति पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया। इस मौके पर उपस्थित लोगों ने कनिष्क को जन्मदिवस की शुभकामनाएं दी। भारत सरकार के एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत संपूर्ण राष्ट्र पौधारोपण कर पर्यावरण बचाओ मुहिम में सहभागिता दर्ज करवा रहा है। प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के लिए पौधे लगाना आवश्यक है।

### ब्रह्मचारी जजपा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य नियुक्त

**नारनौल।** जननायक जनता पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारिणी का सदस्य भुंगारका गांव के पूर्व सरपंच अमर सिंह ब्रह्मचारी को बनाया गया है।



इसके लिए उन्होंने डॉ. अजय सिंह चौटाला एवं पूर्व उपपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला का आभार व्यक्त किया है। जिला प्रवक्ता विजय छिलरो ने बताया कि अमर सिंह ब्रह्मचारी के पास चौटाला परिवार की तीन पीढ़ियों के साथ काम किया है। उन्होंने चौधरी देवीलाल, चौधरी ओमप्रकाश चौटाला एवं डॉ. अजय सिंह के साथ सेवा में लगाया है।

### बिजली कटौती पर किया रोष प्रकट

**नारनौल।** बहुजन समाज पार्टी के नेता प्रमुख समाजसेवी अतरलाल एडवोकेट ने इलाके में हो रही बिजली कटौती पर रोष प्रकट किया है। उन्होंने राज्य सरकार व बिजली निगम से तत्काल बिजली कटौती तथा अघोषित कटों पर पाबंदी लगाकर जनता को राहत देने की मांग की। उन्होंने चेतावनी दी है कि दो दिन के अंदर बिजली कटौती बंद नहीं की गई तो बसपा कार्यकर्त्ता लोगों के साथ मिलकर सड़कों पर प्रदर्शन करेंगे। अतरलाल ने कहा कि अटेली विधानसभा क्षेत्र के गांव सुन्दरह, कोका, भोजावास, उन्हाणी, चेलावास, अगिहार, छितरोली, सिलारपुर, कटकई, गुजरवास के ग्रामीणों से शिकायत मिली है।

### अहमदाबाद विमान हादसे पर जताया शोक

**नारनौल।** अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. पुष्प दीप डागर एवं प्रदेश महामंत्री डा. सतीश सैनी ने अहमदाबाद से लंदन जा रही विमान की दुखद दुर्घटना में यात्रियों, क्रू मेंबर्स एवं चिकित्सा कर्मियों की असामयिक मौत को अत्यंत पीड़ादायक एवं हृदय विदारक बताया है। इस त्रासदी से समस्त देशवासियों में गहरे शोक की लहर है। अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ की गहरी संवेदनाएं उन सभी परिवारों के साथ हैं। हम ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि दिवंगत आत्माओं को शांति प्रदान करें और शोकग्रस्त परिवारों को इस असहनीय दुख को सहन करने की शक्ति दें।

---

महेंद्रगढ़ शहर को मिलेगी पेयजल किल्लत से राहत

# देवास गांव में 14.50 लाख की लागत से बनेगा नया वाटर टैंक

**गांव देवास में पहले से बने हुए है चार वाटर टैंक, नया वाटर टैंक बनने के बाद विभाग कर सकेगा 30 करोड़ लीटर पानी स्टोरेज।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ महेंद्रगढ़



महेंद्रगढ़। बूस्टिंग स्टेशन। फोटो : हरिभूमि

गांव देवास में जनस्वास्थ्य विभाग की ओर से नया वाटर टैंक बनाया जाएगा। वाटर टैंक का निर्माण कार्य पूरा होने के बाद शहर को काफी हद पेयजल किल्लत से राहत मिलेगी। वाटर टैंक के लिए वन विभाग की ओर से पेड़ों की कटाई की अनुमति प्रदान कर दी गई है। 17 जून को पेड़ों की नीलामी की जाएंगी। नए टैंक निमार्ण में करीब 14.50 करोड़ रुपये की लागत आएंगी। बता दें कि महेंद्रगढ़ शहर पूरी तरह से नहरी पानी पर निर्भर है। देवास जलघर से पानी को शहर के अलग-अलग हिस्सों में बने सात बूस्टिंग स्टेशन में भेजा जाता है। यहां से अलग-अलग कॉलोनियों में पानी आपूर्ति होता है। इस बार महेंद्रगढ़ जिला में निर्धारित शेड्यूल से छह दिन में नहरी पानी मिला है। ऐसे में शहर के लोगों को पेयजल किल्लत का सामना करना पड़ सकता है। निर्धारित शेड्यूल के अनुसार 16 दिन नहर में पानी आता है तथा 24 दिन बंद रहता है।

गांव देवास में जल परियोजना पर 24 करोड़ लीटर क्षमता के चार वाटर टैंक बने हुए हैं। इन टैकों से शहर में पेयजल सप्लाई होती है, लेकिन शहर की आबादी के हिसाब नियमित रूप चार टैंक में 24 दिन नहर में पानी बंद रहने के दौरान विभाग की ओर से नियमित पेयजल सप्लाई करना चुनौती होती है। गर्मी के मौसम में कई बाद दो दिन छोड़कर एक दिन पेयजल सप्लाई होती है। नया वाटर टैंक बनने के बाद विभाग 30 हजार लीटर स्टोरेज कर सकेगा। इससे काफी हद तक शहर को पेयजल किल्लत से राहत मिलेगी।

#### 3 नए बूस्टिंग स्टेशनों में पानी पहुंचाया जाएगा

नए वाटर टैंक की क्षमता छह करोड़ लीटर की होगी। नए टैंक से पाइपलाइन दबाकर शहर में बनाए जा रहे तीन नए बूस्टिंग स्टेशनों में पानी पहुंचाया जाएगा। यहां से शहर में पेयजल सप्लाई होगी। विभाग की ओर से लघु सचिवालय व महाविद्यालय के नजदीक बूस्टिंग स्टेशन बनाने का काम भी शुरू कर दिया है। जबकि शहर के हुड्डा पार्क में जल्द ही निर्माण शुरू किया जाएगा। इस समय शहर के ऊंचाई वाले क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति करना विभाग के लिए भी चुनौती बना हुआ है, लेकिन यह परियोजना पूरी होने के बाद पूरे शहर में समान रूप से पानी का वितरण हो पाएगा।

#### अगस्त माह में शुरू होगा निर्माण कार्य

जनस्वास्थ्य विभाग के उपमंडल अधिकारी जियाराम का कहना है कि इस परियोजना पर काम शुरू हो चुका है। 17 जून को पेड़ों की नीलामी की जाएंगी। नीलामी के लिए न्यूनतम राशि 133130 रुपये निर्धारित की गई है। अगस्त माह का वाटर टैंक का निर्माण शुरू करा दिया जाएगा। छह माह के दौरान टैंक का निर्माण कार्य पूरा हो जाएगा। इसके बाद शहर को काफी हद तक पेयजल किल्लत से राहत मिलेगी।

---

# अध्यापकों को शिक्षण के नए-नए रोचक तरीके से पढ़ाने की विधि बताई

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंडी अटेली



मंडी अटेली। शिविर के समापन पर सर्टिफिकेट वितरण करते हुए। फोटो : हरिभूमि

हरियाणा शिक्षा विभाग व निपुण हरियाणा मिशन के द्वारा नई शिक्षा नीति कार्यक्रम के तहत चलाए जा रहे पांच दिवसीय एफएलएन प्रशिक्षण शिविर का शुक्रवार को समापन हो गया। इस शिविर का शुभारंभ जिला शिक्षा अधिकारी संतोष चौहान ने गत नौ जून को किया था। उस कार्यक्रम का शुक्रवार को समापन होने पर इसमें भाग लेने वाले अध्यापकों को खंड शिक्षा अधिकारी देवेंद्र सिंह हरित द्वारा सर्टिफिकेट वितरण किए गए। इस कार्यक्रम में अध्यापकों ने नई शिक्षा नीति के तहत कक्षा प्रथम से तीसरी तक बदले गए पाठ्यक्रम को पढ़ाने के लिए अध्यापकों को प्रशिक्षण दिया गया। मास्टर ट्रेनरों ने अध्यापकों को शिक्षण की नई-नई रोचक तरीके से पढ़ाने की जानकारियां दी। नए सिलेब्स के बारे में की जानकारी दी गई, जिसमें केआरपी अजीत सिंह, संजय सिंह, रजनी देवी, रेखा देवी, पूनम देवी, जॉनी देवी, सुरेंद्र सिंह, पूनम देवी, सरला देवी, सरजीत सिंह, सुरेंद्र सिंह व प्रमोद कुमार आदि द्वारा प्रशिक्षण दिया गया।

# लापरवाही बरतने वाले युवाओं को सम्मान नहीं मिल सकता: दयाराम

- युवाओं ने गांव में चरित्र बनाओ समाज बचाओ रैली निकाली

हरिभूमि न्यूज ⏭ नांगल चौधरी



नांगल चौधरी। चरित्र निर्माण शिविर में युवाओं को प्रेरित करते आर्य समाज कमेटी के संरक्षक दयाराम यादव।

समाज में चरित्र व सुख में स्वास्थ्य की बड़ी भूमिका होती है। इन दोनों की महता नहीं समझने वाले युवा सामाजिक सम्मान हासिल नहीं कर सकते। इसके लिए आर्य समाज संगठन ने भारतीय संस्कृति का व्याख्यान करके युवाओं को चरित्रवान और बलवान बनाने का अभियान चलाया है, क्योंकि चरित्रवान समाज ही साहसी राष्ट्र का निर्माण कर सकता है। उक्त विचार आर्य समाज कमेटी के संरक्षण दयाराम यादव ने दताल में आयोजित चरित्र निर्माण शिविर में व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि भविष्य निर्माण में जुटे युवाओं के सामने दो विकल्प होते हैं। एक विकल्प में बुरे व्यवसन, मोबाइलों का दुरपयोग, बुरी संगत और आलस्य शामिल हैं।

ये आसान होने के साथ आनंदमयी होते हैं। जिस कारण युवा वर्ग इनकी तरफ बहुत तेजी से अग्रसर होता है। दूसरा विकल्प कठोर होता है, जैसे अनुशासित जीवनशैली, स्यमं, पढ़ाई तथा भौतिक सुविधाओं का त्याग होता है। इस विकल्प का चयन करने वालों को शुरूआत में कड़ी मेहनत करनी पड़ती है, लेकिन सफलता के बाद पूरा जीवन सुखमयी बीतता है।

---

# प्रोटोकॉल के तहत करवाया योगाभ्यास

- योग न केवल शारीरिक स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि यह मानसिक स्वास्थ्य और तनाव प्रबंधन में भी सहायक

हरिभूमि न्यूज ⏭ महेंद्रगढ़



महेंद्रगढ़। योगाभ्यास करते अधिकारी एवं कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

हुड्डा पार्क में एसडीएम अनिल कुमार यादव के निदेर्शानुसार आयुष विभाग द्वारा योग प्रोटोकॉल रिहर्सल के दूसरे दिन शुक्रवार को आयुष विभाग के योग सहायकों ने योग शिविर कार्यक्रम आयोजित कर योग व्यायाम करवाया। नोडल अधिकारी डॉ सुमन ने जीवनशैली विकारों को रोकने और तनाव प्रबंधन में योग अभ्यास के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि योग न केवल शारीरिक स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि यह मानसिक स्वास्थ्य और तनाव प्रबंधन में भी सहायक है। डॉ. सुमन ने सभी से नियमित योग अभ्यास करने का आग्रह करते हुए कहा कि इससे हम अपने जीवन को स्वस्थ और संतुलित बना सकते हैं। आयुष विभाग रेवाड़ी द्वारा आयोजित इस श्रृंखला का उद्देश्य लोगों को योग के महत्व और इसके स्वास्थ्य लाभों के प्रति जागरूक करना है।

# तैयारी: कर्मचारियों ने की योगिक क्रियाएं

- उपायुक्त डॉ. विवेक भारती मुख्य अतिथि के तौर पर मौजूद रहे

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल



नारनौल। योगिक क्रियाएं करते कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योग की थीम पर होने वाले 11वें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस को लेकर सचिवालय में जिला प्रशासन महेंद्रगढ़ की ओर से आयोजित योग प्रोटोकॉल का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपायुक्त डॉ. विवेक भारती मुख्य अतिथि के तौर पर मौजूद रहे। इस मौके पर सभी ने प्रोटोकॉल के तहत योगिक क्रियाएं की। हरियाणा योग आयोग एवं आयुष विभाग के निर्देशन में आयोजित कार्यक्रम में संबोधित करते हुए उपायुक्त ने कहा कि प्रत्येक नागरिकों को हर रोज योग करना चाहिए। योग हमारी प्राचीन पद्धति है। इस मौके पर नगराधीश मंजीत कुमार, जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ. शशी बाला, डॉ. सतीश कुमार, डीआईओ प्रशांत कुमार तथा प्रजापिता विश्वविद्यालय से बहन कमल के अलावा अन्य अधिकारी की मौजूदगी रही।

#### योग मैराथन कल आईटीआई से सुभाष स्टेडियम तक

योग युक्त, नशा मुक्त हरियाणा अभियान के तहत अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में आगामी 15 जून को आईटीआई से नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्टेडियम तक योग मैराथन में पहले स्थान पर आने वाले को रोटरी क्लब की तरफ से 5100 रुपये का पुरस्कार दिया जाएगा। जिला प्रशासन की ओर से इस कार्यक्रम की तैयारी कर ली गई है। उपायुक्त डॉ. विवेक भारती ने बताया कि योग मैराथन सुबह छह बजे आईटीआई मैदान से शुरू होगी। यह दौड़ महावीर चौक, हीरो होंडा तथा चौक निजामपुर रोड होते हुए नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्टेडियम में पहुंचेगी।

---

# शिविर में करवाया योग क्रियाओं का अभ्यास

- योग दिवस की तैयारी के अंतर्गत कस्बा स्थित शहीद पार्क में पीएनबी बैंक के पास चले रहे तीन दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सतनाली मंडी



सतनाली मंडी। योग प्रशिक्षण शिविर में योगाभ्यास करते प्रशिक्षक। फोटो : हरिभूमि

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारी के अंतर्गत कस्बा स्थित शहीद पार्क में पीएनबी बैंक के पास चले रहे तीन दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर के दूसरे दिन योग सहायक सविता ने योग आसनों, प्राणायाम तथा योग क्रियाओं का अभ्यास करवाया गया। योग प्रशिक्षण शिविर के दूसरे दिन की शुरूआत प्रातः छह बजे ध्यान और प्रार्थना से हुई, जिसके बाद प्रशिक्षित योग सहायक सविता ने प्रतिभागियों को विशेष रूप से कपालभाति, अनुलोम विलोम तथा ब्रह्म मुद्रा का अभ्यास कराया गया।

उन्होंने कहा कि शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए योग जरूरी है। नियमित रूप से योग करने से तन और मन में स्फूर्ति मिलती है।

अतः हमें प्रातः जल्दी उठकर दिन की शुरूआत योग से करनी चाहिए। इस अवसर पर योग विशेषज्ञ गीता और मीरा ने दैनिक जीवन में योग के लाभ, मानसिक स्वास्थ्य पर योग के प्रभाव तथा सात्विक जीवनशैली अपनाने के विषय में व्याख्यान दिया। योग शिविर में सतनाली खंड के विभिन्न गांवों, संस्थानों व विद्यालयों से पंजीकृत योग प्रशिक्षकों एवं योग प्रेमियों ने भाग लिया। इस मौके पर आयुर्वेद नोडल अधिकारी डॉ. पुनीत भारद्वाज ने स्वच्छता, पर्यावरण जागरूकता व एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य विषय पर विशेष व्याख्यान दिया।

# अंतरराट्रीय योग दिवस को लेकर कनीना में विशेष योग शिविर का आयोजन हुआ

- सरकार व जिला प्रशासन योग को जन जन तक पहुंचाने और नशे के विरुद्ध जन जागरूकता अभियान चलाने को संकल्पबद्ध

हरिभूमि न्यूज ⏭ कनीना



कनीना। महाविद्यालय में आयोजित योग शिविर में हिस्सा लेते कर्मचारी।

हरियाणा सरकार व जिला प्रशासन योग को जन जन तक पहुंचाने और नशे के विरुद्ध जन जागरूकता अभियान चलाने के लिए संकल्पबद्ध है।

हर नागरिक स्वस्थ जीवनशैली अपना, प्रगति की नई उंचाइयां छूए इस दिशा में कदम बढ़ाए जा रहे हैं। ये बातें एसडीएम डॉ. जितेंद्र सिंह अहलावत ने शुक्रवार को राजकीय महाविद्यालय में पिछले तीन दिन से जारी विशेष योग शिविर में उपस्थित अधिकारियों व कर्मचारियों के समक्ष कही। उन्होंने ने कहा कि आगामी 21 जून को मनाए जाने वाले 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर पूरी दुनिया एक साथ योग करेगी।

जिले के सभी उपमंडल एवं खंड स्तर पर आयोजित होने वाले योग कार्यक्रमों में प्रबंधन से लेकर योगिक क्रियाएं करवाने तक आयुष विभाग की विशेष भूमिका रहेगी। उन्होंने कॉलेज प्रांगण में पौधारोपण कर पर्यावरण को सुरक्षित रखने का संदेश दिया।

इस मौके पर आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. नेहा यादव, प्रो. हरिओम भारद्वाज, डॉ. योगेश कुमार, सतीश कुमार, डॉ. दीपांशु आदि मौजूद थे।

---

# ग्रामीणों को कराया योगाभ्यास

- गांव मालड़ा सराय के राजकीय माध्यमिक विद्यालय में योग शिविर लगाया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ महेंद्रगढ़



महेंद्रगढ़। ग्रामीणों को योगाभ्यास कराते योगाचार्य। फोटो : हरिभूमि

गांव मालड़ा सराय के राजकीय माध्यमिक विद्यालय में एक पखवाड़े में योग शिविर में शुक्रवार को भी योग शिविर योगाचार्य शीशराम यादव ने ग्रामीणों को योगाभ्यास कराया। शिविर में सामाजिक कार्यकर्ता सुजान मालड़ा मुख्यातिथि व जगदेव सिंह यादव ने विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की। सुजान मालड़ा ने कहा कि पहला सुख निरोगी काया होता है। जिस तरह शरीर को ताकत देने के लिए भोजन की, आत्मा की शुद्धि के लिए भजन करने की आवश्यक है। उसी प्रकार शरीर को स्वस्थ रखने के लिए योगासन करना बहुत जरूरी है।

क्योंकि एक स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन वास करता है। जगदेव सिंह यादव ने कहा कि शीशराम यादव काफी वर्षों से योग की अलख जगा रहे है। जिससे प्रेरणा लेकर अनेक लोगों ने योग को अपनी दिनचर्या में अपनाया है। आज योग प्रशिक्षण शिविर में हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय जांट पाली से पधारे मोहित ने मकरासन, भुजंगासन, अनुलोम-विलोम, कपालभाति, पवनमुक्तासन आदि अनेक योग क्रियाओं का अभ्यास करवाया। इस अवसर पर हवासिंह जांगिड़, धनपत सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## डीसी डॉ. विवेक भारती ने ली राजस्व कार्यों की समीक्षा बैठक

# प्रमाण पत्र वेरिफिकेशन के लिए लंबित कार्य पूरा करें

- जिले में संपत्ति विलेखों के पंजीकरण से संबंधित नियमों को सख्ती से किया जा रहा लागू : उपायुक्त भारती

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल



नारनौल। अधिकारियों की बैठक लेते डीसी डॉ. विवेक भारती। फोटो : हरिभूमि

उपायुक्त डॉ. विवेक भारती ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि संपत्ति विलेखों के पंजीकरण से संबंधित नियमों को इसी प्रकार सख्ती से लागू किया जाए। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही पर संबंधित अधिकारी जिम्मेदार होगा। डीसी शुक्रवार को लघु सचिवालय में राजस्व कार्यों की समीक्षा बैठक में बोल रहे थे। उन्होंने निर्देश दिए कि पंजीकरण अधिकारी अधिसूचित शहरी क्षेत्रों में बिक्री, पट्टे या उपहार विलेखों को पंजीकृत करने से पहले संबंधित जिला नगर योजनाकार (डीटीपी) से अनिवार्य अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) प्राप्त करने के बाद ही करें। उन्होंने कहा कि पंजीकरण प्रक्रिया में यह एनओसी प्राप्त करना अनिवार्य कदम है और उन्होंने दोहराया कि राज्य सरकार ऐसे उल्लंघनों को बहुत गंभीरता से लेती है।

#### ग्रामीण क्षेत्रों में अवैध कब्जे करने वालों पर हो कार्रवाई

चेतावनी दी कि अधिनियम की धारा 7-ए का पालन करने में किसी भी तरह की विफलता के लिए जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ सख्त अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर उन्होंने जाति प्रमाण पत्र के वेरिफिकेशन के संबंध में सख्त निर्देश दिए कि यह ऑनलाइन वेरिफिकेशन जल्द की जाए, ताकि युवाओं को प्रमाण पत्र बनवाने में किसी प्रकार की परेशानी ना हो। इसके अलावा जो भी प्रमाण पत्र वेरिफिकेशन के लिए लंबित है उन्हें आज शाम तक पूरा करें। इस पर डीआरओ ने बताया कि फिलहाल वेरिफिकेशन उसी दिन की जा रही है। इसके अलावा उपायुक्त ने ग्रामीण क्षेत्रों में अवैध कब्जे, ततिमा कटिंग, 152 डी राष्ट्रीय राजमार्ग तथा विभिन्न विभागों के लिए अधिग्रहित भूमि के इंतकाल संबंधित मामले तथा पेंडिंग निशान देही के संबंध में भी अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त सुशील शर्मा, महेंद्रगढ़ के एसडीएम अनिल यादव, नांगल चौधरी के एसडीएम मनोज कुमार, कनीना के एसडीएम डॉ. जितेंद्र सिंह, नारनौल के एसडीएम रमित यादव, जिला राजस्व अधिकारी राकेश कुमार तथा डीडीपीओ हरिप्रकाश बंसल के अलावा अन्य अधिकारी भी मौजूद थे।